संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

e-paper
dainandini.in

दैनिक दैनन्दिनी.

◆ वर्ष-15 ◆अंक-138 ◆ रायपुर, शनिवार 19 अक्टूबर 2024 ◆रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित ◆ CHHHIN/2010/34274 ◆ पृष्ठ-08 मूल्य-1.50 रुपए

आज का पंचांग



तिथि : द्वितीया
नक्षत्र : भरणी
प्रथम करण : गर
द्वितीय करण : वणिज
पक्ष : कृष्ण
वारः शनिवार
योग : सिद्ध
सूर्योदय : 06:25
सूर्यास्त : 17:46
चंद्रमा : वृषभ
राहुकाल : 09:15-10:40
विक्रमी संवत् : 2081
शक संवत् : 1946
मास : कार्तिक
शुभ मुहूर्त : अभिजीत : 11:43 -12:28

दिल्ली-जयपुर यात्रियों के लिए 8 नई लग्जरी बसें शुरू

जयपुर। राजस्थान रोडवेज़ ने दिल्ली से जयपुर और जयपुर से दिल्ली यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए नई सौगात के रूप में कम किराए की लग्जरी बसें चलाई हैं। राजस्थान रोडवेज़ चेयरमैन शुभ्रा सिंह के निर्देशानुसार आईएसबीटी कश्मीरी गेट से दिल्ली - जयपुर मार्ग पर 17 अक्टूबर से 8 नई टू वाई टू एसी लग्ज़री बसों का संचालन प्रारंभ कर दिया है। गुरूवार को नई टू वाई टू एसी लग्ज़री बस के कश्मीरी गेट पहुँचने पर दिल्ली आगार के मुख्य प्रबंधक श्री पुलकित कुमार द्वारा बस के चालक और परिचालक का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के हित में काम करने वाला एक विशाल संगठन है लघु उद्योग भारती : साय

मुख्यमंत्री ने किया क्षेत्रीय उद्यमी सम्मेलन 2024 का किया शुभारंभ

रायपुर (दैनंदिनी)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज अग्रसेन भवन खुर्सीपार में आयोजित क्षेत्रीय उद्यमी सम्मेलन 2024 का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, लघु उद्योग के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री पुरूषोत्तम पटेल, प्रदेश अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश सिंघानिया, लघु उद्योग भारती के म.प्र. अध्यक्ष श्री राजेश मिश्रा सहित अन्य उद्यमी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने उद्यमी सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि उद्यमिता के विकास और प्रदेश में नये निवेशकों को आकर्षित करने के लिए लघु उद्योग भारती द्वारा सम्मेलन का आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि लघु उद्योग भारती, सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के हित में काम करने वाला एक विशाल संगठन है। देश में इस संगठन की करीब 1000 इकाईयां और 65000 सदस्य होना सचमुच गौरव की बात है। सरगुजा और बस्तर जैसे जनजातीय क्षेत्रों में भी संगठन ने अपना विस्तार किया है। इससे निश्चित ही इन क्षेत्रों में भी लघु और सूक्ष्म उद्योगों को ताकत मिल रही है और उद्यमिता का विकास हो रहा है। हमारे प्रदेश में खनिज सम्पदा का भंडार है। यहां का 44 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है। हमारे प्रदेश में मेहनतकश किसान है, इसलिए छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। यहां पर उद्योग की बहुत अच्छी संभावना है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि आगामी माह नवम्बर में प्रदेश की नई उद्योग नीति 2024-29 लांच करने की तैयारी है। इस नीति में छोटे और मझोले उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष रूप से प्रावधान किये जा रहे हैं। उद्यमियों की मांग पर मुख्यमंत्री श्री साय ने लघु उद्योग भारती के लिए नया रायपुर में भूमि एवं मध्यप्रदेश के समान छत्तीसगढ़ में भी एमएसएमई (माइक्रो एंड स्माल मिडियम इंटरप्राइजेस) मंत्रालय के अधीन स्थापित करने का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने लघु उद्योग भारती की 'छत्तीसगढ़ उद्योग दर्पण 2024' पुस्तक का विमोचन किया। उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि हमारी सरकार उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सिंगल विंडो प्रणाली 2.0 लागू की गई है। उद्यमियों को अब विभिन्न विभागों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। सभी आवश्यक अनुमतियां और लाइसेंस इसी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होंगे। उद्योगों में उत्पादित होने वाले माल की बिक्री हेतु विदेश से एमओयू किया गया है। श्री देवांगन ने कहा कि उद्योगों के विस्तार के लिए कार्य किया जा रहा है। सरकार द्वारा इस्पात उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियां लागू की जा रही है, जो इस उद्योग को गति देगी। इस अवसर पर दुर्ग शहर विधायक श्री गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक श्री ललित चंद्राकर एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर श्री हरवंश मिरी सहित बड़ी संख्या में म.प्र.एवं छत्तीसगढ़ के उद्यमी उपस्थित थे।

14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजे गए पांचों आरोपी

बहराइच

कोर्ट की जगह जज के आवास पर हुई पेशी

बहराइच (एजेंसी)। यूपी के बहराइच में 13-14 अक्टूबर को विसर्जन जुलूस के दौरान हुई हिंसा के बाद आज पुलिस ने पांच आरोपियों अब्दुल हमीद, रिंकू उर्फ सरफ़राज, फ़हीम, तालीम व अफ़जल को सीजेएम प्रतिभा चौधरी के जजेज कालोनी स्थित आवास पर पेश किया. जहां से सीजेएम ने आरोपियों को 14 दिनों की रिमांड पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया. वहीं, हिंसा के पांचवें दिन शहर में शांति वापस लौटती दिखाई पड़ रही है. शहर कोतवाली के मुख्य बाजार घंटाघर पर हिंसा के बाद जुमे की पहली नमाज के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था. हर चौक चौराहों पर पुलिस की कड़ी पहरेदारी थी. शहर की सभी प्रमुख मस्जिदों पर मुस्लिम समाज के लोगों ने शांतिपूर्ण तरह से नमाज अदा की. इस दौरान डीएम मोनिका रानी, एसपी वृंदा शुक्ला सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सिटी पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश पांडेय लगातार शहर भर में भ्रमण करते रहे. मालूम हो कि 13 अक्टूबर की शाम हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में विसर्जन जुलूस में मामूली कहासुनी के बाद दुर्गा प्रतिमा पर पथराव व धार्मिक झंडा उतारने से उपजे विवाद में गोली चलने से युवक रामगोपाल मिश्रा की मौत हो गई थी. जिसमें पुलिस ने कल शाम पांच मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था. जिनमें सरफ़राज व तालीम के नानपारा कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नानपारा रूपईडीहा हाइवे पर बड़ी नहर के पास पुलिस से हुई मुठभेड़ में पैरों में गोली लग गई थी. उन्हें बहराइच मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था. वहीं अन्य तीन आरोपियों अब्दुल हमीद, फ़हीम व अफ़जल को पुलिस हिरासत में रखा गया था. आज पुलिस रिमांड पेशी के बाद उन्हें 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है.

शोपियां में मिला बिहार के युवक का शव

श्रीनगर (एजेंसी)। दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के वंदना मल्होरा क्षेत्र में शुक्रवार को एक गैर-स्थानीय व्यक्ति का शव मिला। पुलिस सूत्रों के अनुसार, स्थानीय निवासियों ने शव को देखकर तुरंत इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सा-कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। मृतक की पहचान बिहार के निवासी अशोक चौहान के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने स्थानीय समुदाय में चिंता पैदा कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं ताकि मामले की सच्चाई का पता लगाया जा सके। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी जानकारी के लिए उनके साथ सहयोग करें। इस मामले में आगे की जानकारी का इंतजार किया जा रहा है।

1 करोड़ की ईनामी महिला नक्सली गिरफ्तार

बस्तर में मचाया था आतंक

हैदराबाद (एजेंसी)। एक करोड़ की इनामी महिला नक्सली कल्पना उर्फ सुजाता को तेलंगाना पुलिस ने बुधवार को हैदराबाद के महबूब नगर से गिरफ्तार किया। 60 वर्षीय सुजाता दक्षिण बस्तर डिवीजनल कमेटी की प्रभारी समेत कई पदों पर काम कर चुकी है। रमन्ना के मारे जाने के बाद उसे दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का प्रभारी बनाया जा रहा था, पर उसने स्वास्थ्यगत कारणों से प्रभार लेने से मना कर दिया था।

इस बीच उसे दो वर्ष पहले सेंट्रल कमेटी में शामिल किए जाने की जानकारी भी मिली है। वर्तमान में वह साउथ सब जोनल ब्यूरो की प्रभारी सचिव थी। इसके अंतर्गत सुकमा और बीजापुर जिले के अंतर्गत तीन प्रमुख डिविजन आते थे। प्रभारी रहते हुए बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा जिले में 100 से अधिक नक्सल घटनाओं में वह शामिल थी। मिली जानकारी के अनुसार, स्वास्थ्य ठीक न होने की वजह से सुजाता ने 10 दिन पहले ही नक्सल संगठन को छोड़ दिया था। इसके बाद वह हैदराबाद के महबूब नगर में इलाज कराने आई थी। फिलहाल वह हैदराबाद पुलिस के कब्जे में है। पुलिस उससे लगातार पूछताछ कर रही है। सुजाता का पति किशन भी मोस्ट वांटेड नक्सल कमांडर था। झारखंड मुठभेड़ में उसकी हो गई।

100 से ज्यादा वारदातों में शामिल थी सुजाता

बता दें कि, नक्सली सुजाता छत्तीसगढ़ के सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों में 100 से ज्यादा वारदातों में शामिल थी। पुलिस ने बताया कि, उस पर छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र से लगभग एक करोड़ का इनाम था। सुजाता ने खुंखार नक्सली हिडमा को भी ट्रेनिंग दी है। उसने कई महिला नक्सली संगठन भी तैयार किया है।

दिल्ली में ठंड की दस्तक, कई राज्यों में मूसलाधार बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई राज्यों में मौसम का मिजाज बदल रहा है। दिन में गर्मी और रात सर्द होने लगी हैं। सुबह के समय हल्की ठंड महसूस होने लगा है। वहीं, दक्षिण भारत के राज्यों में बारिश का दौर जारी है।

मौसम विभाग के अनुसार, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल, आंध्र प्रदेश, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक और कराईकल में 18, 20 और 20 अक्टूबर को अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव के क्षेत्र के प्रभाव के कारण 23-25 अक्टूबर तक ओडिशा में बारिश की भविष्यवाणी की है। आईएमडी भुवनेश्वर की निदेशक मनोरमा मोहंती ने बताया कि 20 अक्टूबर के आसपास उत्तरी अंडमान सागर के ऊपर एक ताजा ऊपरी हवा का चक्रवात बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से 23, 24 और 25 अक्टूबर को ओडिशा में बारिश की गतिविधियां हो सकती हैं।

सीवरेज इंफ्रास्ट्रक्चर की 4 बड़ी परियोजनाएं पूरी

दिल्ली। नमामि गंगे मिशन 2.0 के तहत जल शक्ति मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में चार प्रमुख परियोजनाएं पूरी कीं। उत्तर प्रदेश और बिहार में स्थित ये परियोजनाएं विशेष रूप से सीवेज को नदी में गिरने से रोकने पर केंद्रित हैं, जिससे जल गुणवत्ता में सुधार होगा और नदियों का कायाकल्प होगा। इन परियोजनाओं से गंगा नदी की पवित्रता और उसकी सहायक नदियों की स्वच्छता को बनाए रखने में मदद मिलेगी।

बिहार में जहरीली शराब से अब तक 53 की मौत

पटना (एजेंसी)। बिहार के सारण, सीवान और गोपालगंज जिले में जहरीली शराब पीने से अब तक 53 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें सीवान में 39, सारण में 12 और गोपालगंज में दो लोगों की मौत हो चुकी है। 20 से अधिक लोग बीमार हैं। गुरुवार को 30 लोग अस्पताल में ठीक हो गए थे। उन्हें घर भेज दिया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस मामले के जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने तस्करों पर कड़ी कार्रवाई का भी निर्देश दिया है। इसके बाद बिहार पुलिस के वरीय अधिकारी सीवान और सारण में कैंप कर रहे हैं। इधर, सीवान में एसआईटी ने अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह सभी लोग शराब तस्करी के आरोपी हैं। वहीं सीवान जिला प्रशासन की मानें तो अब तक जितने शवों को पोस्टमार्टम किया गया, उनका बिसरा प्रिजर्व कर लिया गया है। इसे साइंस लेबोरेट्री में जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के अनुसार सीवान और सारण के 16 गांवों में जहरीली शराब का कहर जारी है। गुरुवार को इन दोनों जिलों में 24 और लोगों की मौत हुई। वहीं गोपालगंज में पिता-पुत्र समेत दो लोगों की मौत हुई है। वहीं बिहार सरकार के मद्य निषेध व उत्पाद मंत्री रत्नेश सदा शराबबंदी के सवाल पर भड़क गए। उन्होंने कहा कि बुड़बक जैसा बात मत कीजिए। शराब माफ़िया पर सीसीए लगेगा। सीएम नीतीश कुमार से इस बारे में बात करुंगा। दरअसल, पत्रकारों ने उनसे सवाल पूछा कि बिहार में सरेआम शराब बिक रही है? लोग मर रहे हैं। इस पर उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि हत्यारे के लिए मौत की सजा का प्रावधान है। सजा मिलती भी है लेकिन फिर भी हत्याएं तो होती हैं न। सारण-सीवान शराबकांड में थानेदार से लेकर चौकीदार तक पर कार्रवाई की गई है। शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि सत्ता संरक्षण में ज़हरीली शराब के कारण करीब 50 लोगों की हत्या कर दी गयी है। बिहार में कथित शराबबंदी है लेकिन सत्ताधारी नेताओं-पुलिस और माफ़िया के गठजोड़ के कारण हर चौक-चौराहों पर शराब उपलब्ध है।

अभी खत्म नहीं हुई बाहुबली की कहानी

मुंबई : 'बाहुबली' की दो भाग वाली फ्रेंचाइजी के लिए प्रभास और प्रसिद्ध फिल्म निर्माता एसएस राजामौली के सहयोग ने भारतीय सिनेमा की गतिशीलता को हमेशा के लिए बदल दिया। दोनों भाग बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुए और उन्हें अपने शानदार वीएफएक्स, कहानी, पटकथा और सबसे महत्वपूर्ण कलाकारों के प्रदर्शन के लिए व्यापक पहचान और सराहना मिली। हाल ही में सूर्या की आने वाली फिल्म 'कंगुवा' के निर्माता के.ई. ज्ञानवेल राजा ने एक इंटरव्यू में 'बाहुबली 3' की पुष्टि करते हुए बड़ा खुलासा किया।

'बाहुबली 3' की योजना बना रहे निर्माता मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, के.ई. ज्ञानवेल राजा ने कहा, 'बाहुबली 3 योजना के चरण में है। मुझे इस बारे में पिछले सप्ताह फिल्म निर्माताओं के साथ चर्चा के दौरान पता चला। उन्होंने एक के बाद एक बाहुबली 1 और 2 बनाई, लेकिन अब वे एक अंतराल के बाद बाहुबली 3 की योजना बना रहे हैं।'

'कल्कि 2898 एडी' और 'सलार' के सीक्वल पर बड़ा अपडेट

इसके अलावा के.ई. ज्ञानवेल राजा ने कहा कि प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दीपिका पादुकोण अभिनीत 'कल्कि 2898 एडी' का सीक्वल दो और फिल्मों के बाद रिलीज किया जाएगा। के. ई. ज्ञानवेल राजा ने यह समझाने के लिए सूर्या की 'सिंघम' सीरीज का उदाहरण दिया कि दर्शकों को सीक्वल में फिर से उनका आनंद लेने के लिए किरदारों से जुड़ने की जरूरत है। इसके अलावा, उन्होंने खुलासा किया कि 'सलार 2' भी अपने पहले भाग से उचित अंतराल के बाद रिलीज होगी।

डेनिस विलेन्यूवे का ब्रेक खत्म, जल्द शुरू करेंगे 'ड्यूनः मसीहा' की शूटिंग

मशहूर निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे का कहना है कि उनका ब्रेक अब खत्म हो गया है और वह फ्रैंक हर्बर्ट की 'ड्यून' वाली दुनिया में गोते लगाने को फिर से उत्साहित हैं। वह इस यूनिवर्स की तीसरी किस्त की शूटिंग पर जल्द लौटना चाहते हैं।



मुंबई : फिल्म निर्माता डेनिस विलेन्यूवे ने कहा है कि अब उनका ब्रेक खत्म हो गया है और वह अब वह फ्रैंक हर्बर्ट की 'ड्यून' यूनिवर्स के अगले भाग को फिल्माने के लिए बेकरार हैं। उन्होंने 'ड्यूनः मसीहा' का जिक्र करते हुए कहा कि वह अभी लेखन पर ध्यान दे रहे हैं। इस दौरान उन्होंने इस फिल्म को 'ड्यूनः पार्ट श्री' न कहने की चेतावनी दी है। फिल्म निर्माता ने कहा कि उनके हिसाब से ड्यूनः पार्ट वन और पार्ट टू, दोनों एक ईकाई की तरही ही हैं और ये कहानी खत्म गई है।

उन्होंने आगे कहा कि ड्यूनः मसीहा की कहानी लगभग 12 साल बाद की है, जहां पार्ट टू के किरदारों को छोड़ा गया था। हालांकि, इस बार उनकी यात्रा और कहानी अलग होगी, जबकि दुनिया वही है सिर्फ परिस्थितियां नई हैं।

जल्द कैमरे के पीछे आना चाहते हैं डेनिस विलेन्यूवे

विलेन्यूवे के मुताबिक ड्यूनः मसीहा के लिए वापसी करने वाले केंद्रीय किरदार एटराइड्स के रूप में टिमोथी चालमेट हैं, जिनका फ़्रीमेन आदिवासी योद्धा चानी के रूप में जेंडाया, मार्गदर्शन करने की कोशिश करती है। निर्देशक ने कहा कि इन फिल्मों को बनने में बहुत समय लगता है, इसलिए यह कहना बेहतर नहीं है कि वह कब शूटिंग कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'दुर्भाग्य से, मुझे चुप रहना चाहिए।' विलेन्यूवे ने कहा कि उन्होंने सोचा था कि वह पार्ट टू के बाद ब्रेक ले लेंगे और जंगलों पहाड़ों के बीच में कुछ समय बिताएंगे, लेकिन वास्तव में वो सब चीजें उनके अनुकूल नहीं थे और अब वह जल्दी से जल्दी कैमरे के पीछे वापस लौट जाएंगे।

20-25 अक्टूबर को बड़े पर्दे वापसी करेगी 'ड्यूनः पार्ट टू'

'ड्यूनः पार्ट टू' एक बेहतरीन सिनेमाई कलाकृति है, जो ब्लॉकबस्टर के रूप में पहचानी जाती है। इसकी सफलता को लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें ड्यूनः पार्ट टू की सफलता फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की द गॉडफादर पार्ट टू की कलात्मक और बॉक्स ऑफिस उपलब्धियों की याद दिलाती है और इसके भावनात्मक रिश्ते उन्हें डेविड लीन की लॉरेंस ऑफ अरेबिया की याद दिलाती है। दोनों ने ही सर्वश्रेष्ठ चित्र अकादमी पुरस्कार जीते हैं। वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स और लीजेंडरी पिक्चर्स 20-25 अक्टूबर को बड़े पर्दे पर वापसी के लिए लॉस एंजिल्स में चुनिंदा सिनेमाघरों में ड्यूनः पार्ट टू को फिर से रिलीज कर रहे हैं।

कई अन्य परियोजनाओं पर भी दे रहे हैं ध्यान

अपने ब्रेक और ड्यूनः मसीहा की तैयारी के बीच, विलेन्यूवे कई अन्य संभावित भविष्य की परियोजनाओं पर भी नजर रख रहे हैं। इनमें स्टेसी शिफ की मिस्र की रानी की 2010 की सबसे ज्यादा बिकने वाली जीवनी पर आधारित 'क्लियोपेट्रा' फिल्म शामिल है।

क्रिस्टी विल्सन-केर्न्स इसकी कहानी लिख रही हैं। विलेन्यूवे ने बताया कि ये एक बहुत ही मुश्किल और शानदार परियोजना है। उन्होंने इसे बहुत महत्वाकांक्षी बताते हुए कहा कि पहले इसका लेखन पूरा होना चाहिए, जो फिल्म के लिए सबसे ज्यादा आवश्यक है।

नए जॉन-जेन की तलाश में 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ-2' के मेकर्स

मुंबई : इस साल की शुरुआत में ही प्राइम वीडियो पर एक सीरीज 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' रिलीज हुई थी। इंट्रेस्टिंग स्टोरीलाइन, डायरेक्शन और बेहतरीन एक्टिंग का मिश्रण इस सीरीज में दर्शकों को देखने को मिला था, इसलिए इस सीरीज को काफी पसंद किया गया था। यही वजह है कि दर्शकों को इसके अगले सीजन का बेसब्री से इंतजार है। दर्शकों का यह इंतजार जल्द ही खत्म हो सकता है क्योंकि हाल ही में इस सीरीज के मेकर्स ने अनाउंस किया है कि वह सीरीज के लीड कैरेक्टर्स जेन और जॉन के लिए नए चेहरों की तलाश कर रहे हैं।

गजब की है स्टोरीलाइन

'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ-1' एक स्पॉय सीरीज थी, जिसमें लीड कैरेक्टर जॉन और जेन, जासूसों की भूमिका में थे। दोनों जासूस अलग-अलग संस्थाओं के लिए काम करते हैं। लेकिन कहानी में ट्विस्ट, यह था कि यह दोनों जासूस आपस में पति-पत्नी हैं। एक तरफ दोनों को जासूसी मिशन पर जाना होता और दूसरी तरफ अपने रिश्ते को भी मेंटेन करना होता है। इस स्टोरी लाइन के ईद- गिर्द ही पूरी सीरीज चलती है। वैसे इसी स्टोरी लाइन और नाम से एक हॉलीवुड फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ (2005)' भी बनी थी। इस फिल्म में ब्रैड पिट और एंजेलिना जोली लीड रोल्स में थे।

नए चेहरों की तलाश है जारी

पिछले सीरीज में डोनाल्ड ग्लोवर ने मिस्टर स्मिथ और माया एर्स्किन ने मिसेज स्मिथ का किरदार निभाया था। दोनों की जोड़ी को काफी पसंद किया गया था। लेकिन अब सीरीज 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ-2' के लिए मेकर्स नए चेहरों की तलाश में हैं। साथ ही ऐसा भी हो सकता है कि एक्टर डोनाल्ड ग्लोवर और एक्ट्रेस माया एर्स्किन भी इस सीरीज में नजर आएं। दरअसल, इस सीरीज में एक नहीं कई जेन और जॉन हो सकते हैं, क्योंकि जेन और जॉन महज जासूसी नाम हैं। इसलिए दर्शकों को नए चेहरे भी जेन और जॉन के किरदार में नजर आ सकते हैं और पुराने एक्टर्स भी इन किरदारों में नजर आ सकते हैं।

बिली इलिश हो सकती हैं अहम भूमिका में

जेन और जॉन के लिए नए चेहरों की तलाश के बीच एक नाम अचानक से चर्चा में आया है। यह नाम है, सिंगर सॉन्ग-राइटर बिली इलिश का। दरअसल, उन्होंने पिछले ही साल अमेजन प्राइम वीडियो की एक सीरीज 'स्वॉर्म' से एक्टिंग में डेब्यू किया था। दर्शकों को सिंगर बिली इलिश की एक्टिंग भी काफी पसंद आई थी।

वरुण धवन ने साझा की 'सिटाडेल' में पर्दे के पीछे की तस्वीरें

अभिनेता वरुण धवन अपनी आगामी सीरीज 'सिटाडेल' में नजर आने वाले हैं। फिल्म में अपने लुक को दिखाते हुए वरुण ने पर्दे के पीछे की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में प्रशंसकों ने भी अभिनेता की तारीफ में कमी नहीं छोड़ी।

मुंबई : अभिनेता वरुण धवन जल्द ही अपनी आगामी सीरीज 'सिटाडेलः हनी बनी' में सामंथा रुथ प्रभु के साथ नजर आने वाले हैं। वरुण की इस सीरीज का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। इस रिलीज के बाद वरुण ने प्रशंसकों के लिए सीरीज में पर्दे के पीछे की कुछ शानदार तस्वीरें और अपना लुक साझा किया है। सिटाडेल में वरुण धवन के इस लुक को प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं।

सोशल मीडिया पर साझा किया लुक

वरुण धवन ने अपनी आगामी सीरीज 'सिटाडेलः हनी बनी' में नजर आने वाले हैं। फिल्म में वरुण और सामंथा के एक्शन अवतार को देखने के लिए प्रशंसक काफी उत्सुक हैं। इस सीरीज की रिलीज से पहले अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी फिल्म के लुक साझा कर कहा, 'स्वतंत्रता मुफ्त में नहीं मिलती'।

प्रशंसकों ने की वरुण धवन की तारीफ

वरुण के इस अवतार को देखकर प्रशंसकों ने उनकी तारीफ की है। वरुण धवन के एक्शन अवतार को देखकर प्रशंसकों ने कहा, 'बनी ऑन फायर, मैं 7 नवंबर तक इंतजार नहीं कर सकता'। कई अन्य प्रशंसकों ने वरुण धवन की इस पोस्ट पर फायर और लव इमोजी शेयर की हैं।

सात नवंबर को होगी रिलीज

सिटाडेल हनी बनी का ट्रेलर 90 के दशक की याद दिलाता है। आपको बता दें कि फिल्म 'सिटाडेलः हनी बन्नी' का प्रीमियर सात नवंबर को प्राइम वीडियो पर होने वाला है। अमेरिकी सीरीज 'सिटाडेल' के इस भारतीय स्पिन ऑफ में वरुण धवन और सामंथा रूथ प्रभु मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा के के मेनन, सिमरन, साकिब सलीम, सिकंदर खेर, सोहम मजूमदार, शिवांकित परिहार और काशवी मजूमदार जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं।

'हाउसफुल 5' की शूटिंग खत्म कर मुंबई लौटे अक्षय



मुंबई : अक्षय कुमार अपनी आगामी फिल्म 'हाउसफुल 5' की शूटिंग के बाद एयरपोर्ट पार्किंग में देखा गया। अक्षय ने एयरपोर्ट पर एक नए तरीके के कैमरे को देखा, जिसने उनको हैरान कर दिया। कैमरे में वीडियो रिकॉर्डिंग के लिए एक साथ कई फोन इस्तेमाल किए जाने के तरीके को देख वह काफी हैरान रह गए थे।

बॉलीवुड के खिलाडी अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिंघम अगेन' को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। इन सब के बीच हाल ही में, 'हाउसफुल 5' की टीम एक क्रूज पर शूटिंग कर रही थी, जिसके कुछ क्लिप सोशल मीडिया पर भी वायरल हुए थे। अक्षय कुमार 'हाउसफुल 5' की लंबी शूटिंग के बाद मुंबई वापस आ गए है, जिसका वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि, इन सब के बीच अभिनेता को एयरपोर्ट पर कुछ ऐसा मिला, जिसे देख वह हैरान हो गए थे।

किसने भटकाया एयरपोर्ट पर अक्षय का ध्यान?

अक्षय कुमार अपनी आगामी फिल्म 'हाउसफुल 5' की शूटिंग के बाद एयरपोर्ट पार्किंग में देखा गया। अक्षय ने एयरपोर्ट पर एक नए तरीके के कैमरे को देखा, जिसने उनको हैरान कर दिया। कैमरे में वीडियो रिकॉर्डिंग के लिए एक साथ कई फोन इस्तेमाल किए जाने के तरीके को देख वह काफी हैरान रह गए थे। कैमरे को हाथ में लेकर देखने के बाद, अक्षय ने फोटोग्राफरों की ओर देखकर स्माइल किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जैसे ही वीडियो पोस्ट किया गया, प्रशंसकों ने इस पर प्रतिक्रिया देना शुरू किया, एक यूजर ने लिखा, 'हमारा खिलाड़ी। दूसरे यूजर ने लिखा, 'अक्षय बहुत ही डैशिंग लग रहे हैं। एक और प्रशंसक ने कहा, 'कमाल है यार।

ये है हाउसफुल 5 की कास्ट?

'हाउसफुल 5' की प्रोडक्शन कंपनी नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के इंस्टाग्राम अकाउंट ने कलाकारों की एक ग्रुप फोटो साझा की थी। फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, फरदीन खान, जैकलीन फर्नांडीज, सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, चित्रांगदा सिंह, सौंदर्या शर्मा, डीनो मोरिया, श्रेयस तलपड़े, निकितिन धीर, जॉनी लीवर, चंकी पांडे, रणजीत, और आकाशदीप साबिर नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अक्षय एक बार फिर कॉमिक अवतार में दिखेंगे। उनके किरदार में पिछली फ्रेंचाइजी की झलक साफ देखने को मिलेगी।

इन फिल्मों में नजर आएंगे खिलाड़ी कुमार

वर्कफ्रंट की बात करें तो अक्षय कुमार की 'सिंघम अगेन' सिनेमाघरों में एक नवंबर को रिलीज होने जा रही हैं।अक्षय स्टारर 'हाउसफुल 5' छह जून, 2025 को सिनेमाघरों में हिट होने वाली है।

'द मैन हू न्यू टू मच' नॉवेल पर आधारित है बेनाम



मुंबई : अमिताभ बच्चन और मौसमी चटर्जी स्टारर फिल्म 'बेनाम' की आज गोल्डन जुबली है। इसका निर्देशन नरेंद्र बेदी ने किया था। थ्रिलर और सस्पेंस से भरी फिल्म 'बेनाम' में अमिताभ और मौसमी के अलावा प्रेम चोपड़ा और मदन पुरी ने शानदार अभिनय किया है। इस फिल्म की रिलीज को आज पूरे 50 साल हो गए हैं। जानिए इस फिल्म से जुड़े कई किस्से, जिसे पढ़कर आज भी दर्शक रोमांचित हो जाते हैं।

अल्फ्रेड हिचकॉक के नॉवेल पर आधारित है फिल्म

18 अक्टूबर 1974 में रिलीज हुई फिल्म 'बेनाम' मशहूर लेखक अल्फ्रेड हिचकॉक के नॉवेल 'द मैन हू न्यू टू मच' पर आधारित है। यह इकलौती ऐसी फिल्म है, जिसमें प्रेम चोपड़ा के लिए कादर खान ने वॉयस ओवर किया था। अब आप सोच रहे होंगे दोनों ही मशहूर विलेन अपनी आवाज के लिए प्रसिद्ध हैं, फिर ऐसा क्यों किया गया? तो चलिए आपको बताते हैं ऐसा करने की वजह।

फिल्म का सस्पेंस सीक्रेट रखना चाहते थें नरेंद्र

फिल्म के निर्देशक नरेंद्र ने विलेन की पहचान छिपाने के लिए तरकीब निकाली थी और प्रेम चोपड़ा की जगह कादर खान की आवाज का इस्तेमाल किया था .

विविध

मिक्स्ड फ्रूट जैम 15 मिनट में करें तैयार

नई दिल्ली : ब्रेड और जैम का संयोजन अक्सर नाश्ते का एक उत्कृष्ट विकल्प होता है, लेकिन व्यावसायिक जैम में अक्सर संरक्षक होते हैं। ये जैम को स्टोर करने के लिए अच्छे होते हैं, लेकिन कुछ समय बाद ये आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

शेफ पंकज भदौरिया ने पांच फलों का जिक्र कियाः

पपीता, चीकू, संतरा, सेब और केला। आप अपनी पसंद का फल या जो कुछ भी आपके पास है उसे भी इसमें शामिल कर सकते हैं। फलों को धोएं, सुखाएं, छीलें और काटें।

इसके बाद, मध्यम आंच पर एक पैन गर्म करें, उसमें पानी डालें और सभी कटे हुए फल डालें। फल को छोटे टुकड़ों में काटने की जरूरत नहीं है. आप इन्हें मध्यम आकार के टुकड़ों में भी पका सकते हैं. ढककर धीमी आंच पर तब तक पकाएं जब तक फल नरम न हो जाएं। जब फल नरम हो जाएं तो आंच बंद कर दें और ठंडा होने दें.

ठंडे फलों को ब्लेंडर में पीस लें। इस प्यूरी को छान लें. फल को छान लें और आपको लगभग दो से ढाई कप गूदा मिलेगा। अब पैन को दोबारा गर्म करें, प्यूरी को मापें और धीमी आंच पर पकाएं। प्यूरी में पर्याप्त चीनी डालें, फिर नींबू का रस डालें, अच्छी तरह मिलाएँ और आँच धीमी कर दें।

अब पैन में साइट्रिक एसिड, मिक्स्ड फ्रूट एसेंस और रास्पबेरी रेड फूड कलर डालकर अच्छी तरह मिलाएं और इस मिश्रण को 7-8 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं जब तक कि यह थोड़ा गाढ़ा न हो जाए। स्थिरता की जांच करने के लिए, जैम को एक स्पैटुला में स्थानांतरित करें। अगर थोड़ी देर बाद जैम टूटकर बिखर जाए तो इसका मतलब है कि यह बिल्कुल तैयार है. इसके बाद आंच बंद कर दें और 1 चम्मच गर्म पानी में सोडियम बेंजोएट घोल लें और इसे तैयार जैम में अच्छी तरह मिला लें. फ्रूट जैम तैयार है. एक गिलास में डालें और 2-3 घंटे तक ठंडा होने दें। बस घर का बना जैम ब्रेड या रोटी पर फैलाएं और बच्चों को खिलाएं। स्टोर करने के लिए रेफ्रिजरेटर में एक एयरटाइट कंटेनर रखें।

दिल को फिट रखना है तो बदल दें डाइट

नई दिल्ली : हृदय को स्वस्थ रखने के लिए हमें कई प्रकार के पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। मैग्नीशियम और पोटेशियम उनमें से एक हैं। मैग्नीशियम एक ऐसा पोषक तत्व है जो मांसपेशियों और तंत्रिका कार्य, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने के लिए जरूरी माना जाता है। आहार के माध्यम से हमें नियमित रूप से इस पोषक तत्व की आवश्यकता होती है। शरीर में इसकी कमी हो जाने के कारण दिल का दौरा, स्ट्रोक, मधुमेह या ऑस्टियोपोरोसिस जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम अधिक हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिस तरह से हमें नियमित रूप से प्रोटीन, विटामिन्स की जरूरत होती है, उसी तरह से मैग्नीशियम से भरपूर आहार भी आवश्यक है। आप कई प्रकार के नट्स और सीड्स के माध्यम से इसकी पूर्ति कर सकते हैं। जिन लोगों में मैग्नीशियम की कमी हो जाती है उनमें हृदय रोग, डायबिटीज सहित कई अन्य गंभीर बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है।

हृदय रोगों से बचे रहने के लिए मैग्नीशियम जरूरी

अध्ययनों से पता चलता है कि हृदय को स्वस्थ रखने में मैग्नीशियम की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साल 2018 में किए गए अध्ययनों की समीक्षा में पाया गया है कि मैग्नीशियम की कमी से व्यक्ति में हृदय संबंधी समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों ने पाया कि कंजेस्टिव हार्ट फेलियर वाले लोगों में अक्सर मैग्नीशियम की कमी देखी जाती रही है, ये लक्षणों को और भी बिगाड़ सकती है। कुछ शोध ये भी बताते हैं कि दिल का दौरा पड़ने के तुरंत बाद मैग्नीशियम देने से मृत्यु का जोखिम कम किया जा सकता है, हालांकि इसके लिए अभी और अधिक शोध की आवश्यकता है।

स्ट्रोक और हार्ट अटैक का कम होता है खतरा

अध्ययनकर्ताओं ने बताया कि मैग्नीशियम, उच्च रक्तचाप को कंट्रोल रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी संदर्भ में किए गए अध्ययनों से पता चला कि आहार के माध्यम से मैग्नीशियम का सेवन बढ़ाने से व्यक्ति में स्ट्रोक और हार्ट अटैक का जोखिम कम हो सकता है। वयस्कों को प्रतिदिन 270-400 मिलीग्राम की मात्रा में मैग्नीशियम की जरूरत होती है। आहार में मैग्नीशियम वाली चीजों को शामिल करके स्ट्रोक और हार्ट अटैक से बचाव किया जा सकता है।

शुगर लेवल भी रहता है कंट्रोल

डायबिटीज के शिकार लोगों में हार्ट से संबधित समस्याओं का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, मैग्नीशियम वाली चीजों को आहार का हिस्सा बनाकर डायबिटीज और हार्ट दोनों ही परेशानियों को कम किया जा सकता है। मैग्नीशियम ग्लूकोज नियंत्रण और इंसुलिन के मेटाबॉलिज्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्ल्ड जर्नल ऑफ डायबिटीज में 2015 की समीक्षा में बताया गया है कि मधुमेह के शिकार अधिकतर लोगों में मैग्नीशियम की कमी हो सकती है।

अखरोट और केले से बनी स्मूदी से करें दिन की शुरुआत

नई दिल्ली : दिन की ऊर्जा से भरपूर शुरुआत करने के लिए अखरोट और केले से बनी स्मूदीएक बेहतरीन विकल्प है। अखरोट केले की स्मूदी स्वादिष्ट होने के साथ-साथ बहुत सेहतमंद भी होती है।अगर आप अपने स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं, तो आप अखरोट की स्मूदी ट्राई कर सकते हैं। अखरोटऔर केले से बनी स्मूदी ऊर्जा का पावरहाउस है और पूरे दिन ऊर्जा बनाए रखने में मदद करती है।अखरोट-केले की स्मूदी भी दिमाग के लिए काफी फायदेमंद हो सकती है। इसे बनाना बहुत ही आसान हैऔर यह मिनटों में बनकर तैयार हो जाती है.अखरोट और केले से बनी इस स्मूदी की खासियत यह है कि बच्चे भी इसका स्वाद पसंद करते हैं औरइसे बड़े चाव से पीते हैं। अखरोट केले की स्मूदी पीने के बाद आपको काफी देर तक भूख नहीं लगेगी।

वॉलनट बनाना स्मूदी बनाने के लिए सामग्री

केले – 2
अखरोट – 1/4 कप
शहद – 2 टेबलस्पून
इलायची पाउडर – 1/2 टी स्पून
दूध – 2 गिलास
आइस क्यूब्स – 2-3 (वैकल्पिक)

अखरोट और केले से बनी स्मूदी जितनी हेल्दी होती है उतनी ही बनाने में भी आसान होती है।

अखरोट-केले की स्मूदी बनाने के लिए सबसे पहले एक पका हुआ केला लें और अखरोट को फोड़ कर उसका गूदाप्याले में निकाल लें। इसके बाद एक केला लें, इसे छीलकर बड़े-बड़े टुकड़ों में काट लें. अब एक ब्लेंडरलें और उसमें केले के टुकड़े, अखरोट की दाल, दो चम्मच शहद और इलायची पाउडर डालें। अंत में दूध को ब्लेंडर में डालें और ढक्कन बंद कर दें और सभी चीजों को एक साथ ब्लेंड कर लें। तैयार है अखरोट-केले की स्मूदी.

हीमोग्लोबिन का लगातार कम बने रहना कितना खतरनाक? क्या हो सकते हैं इसके दुष्प्रभाव

नई दिल्ली : शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सभी अंगों तक खून का संचार बेहतर तरीके से होता रहना जरूरी है। पर क्या हो अगर किसी के शरीर में खून की ही कमी हो जाए? खून की कमी होना आम समस्या है, भारतीय महिलाओं में इसका जोखिम अधिक देखा जाता रहा है। खून की कमी का मतलब हीमोग्लोबिन की कमी से है। हीमोग्लोबिन हमारी लाल रक्त कोशिकाओं में मौजूद एक प्रोटीन है। इसकी कमी से अंगों में ऑक्सीजन का संचार बाधित होने लगता है। हीमोग्लोबिन की लगातार बनी रहने वाली कमी एनीमिया का कारण बनती है, जिसके कई प्रकार के स्वास्थ्य दुष्प्रभाव हो सकते हैं। शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर कम होने के कई कारण हो सकते हैं। आहार में पोषक तत्वों की कमी, किसी प्रकार की अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या, महिलाओं में माहवारी के कारण भी इसका जोखिम अधिक देखा जाता है। हीमोग्लोबिन का स्तर लगातार सामान्य से कम बने रहना कई प्रकार की बीमारियों के जोखिम को बढ़ाने वाला हो सकता है।



आइए इसके कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानते हैं?

कितना होना चाहिए हीमोग्लोबिन का स्तर?

पुरुषों और महिलाओं में हीमोग्लोबिन का सामान्य स्तर अलग-अलग होता है। पुरुषों के लिए, सामान्य स्तर 14.0 से 17.5 ग्राम/डीएल के बीच वहीं महिलाओं के लिए सामान्य स्तर 12.3 से 15.3 ग्राम/डीएल के बीच होता है। पुरुषों में हीमोग्लोबिन का स्तर 13 ग्राम/डीएल और महिलाओं में 12 ग्राम/डीएल से कम होना नुकसानदायक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हीमोग्लोबिन का स्तर लगातार सामान्य से कम बने रहना कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। आइए इसके दुष्प्रभावों के बारे में जानते हैं।

अक्सर बनी रहती है थकान-कमजोरी और सिरदर्द की दिक्कत

शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी के कारण एनीमिया हो सकती है, जिसके कारण अक्सर थकान-कमजोरी और सिरदर्द की दिक्कत बनी रहती है। रात को अच्छी नींद लेने के बाद भी आप थका हुआ और कमजोर महसूस कर सकते हैं। हल्के स्तर की शारीरिक गतिविधि करने पर भी आप कमजोरी का अनुभव कर सकते हैं। एनीमिया के कारण सिरदर्द होते रहना भी सामान्य समस्या है। इस तरह की दिक्कतें कुछ समय से बनी हुई हैं तो समय रहते किसी डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।

हृदय गति में हो सकती है अनियमितता

हीमोग्लोबिन शरीर के ऊतकों और अंगों तक ऑक्सीजन पहुंचाने और कार्बन डाइऑक्साइड को बाहर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में शरीर में हीमोग्लोबिन का सामान्य से कम बने रहने के कारण हृदय स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर हो सकता है। हीमोग्लोबिन की कमी के शिकार लोगों को हृदय गति में अनियमितता, धड़कनों के सामान्य से कम या ज्यादा होने की दिक्कत बनी रह सकती है। हृदय गति में अनियमितता पर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो इसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य जटिलताओं का खतरा हो सकता है।

सांस लेने में तकलीफ

हीमोग्लोबिन की कमी के कारण शरीर के ऊतकों और अंगों तक ऑक्सीजन ठीक तरीके से नहीं पहुंच पाता है। असल में हीमोग्लोबिन का स्तर कम होने के कारण ऑक्सीजन ले जाने की इसकी क्षमता प्रभावित हो जाती है .

संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

e-paper
dainandini.in

दैनिक दैनन्दिनी.

शनिवार 19 अक्टूबर 2024, रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

संक्षिप्त खबरें

गुनरस पिया संगीत सभा 20 को

रायपुर। पंडित गुणवंत माधव लाल व्यास स्मृति संस्थान द्वारा प्रसिद्ध वाग्गेयकर पंडित गुणवंत माधव लाल व्यास जी की 14 वीं पुण्यतिथि पर उनकी संगीत रचनाओं पर आधारित कार्यक्रम आगामी 20 अक्टूबर 2024 दिन रविवार को वृंदावन हॉल रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। लायंस क्लब शिखर की चार्टर्ड प्रेसिडेंट सुश्री सरोज पाण्डेय की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ समाज सेवी एवं थोक दवा बाजार के पूर्व अध्यक्ष पी डी रमानी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित आयोजन में इस बार अंचल के प्रतिभाशाली एवं नवोदित कलाकारों गुनरस पिया जी की रचनाओं को प्रस्तुत करने हेतु मंच प्रदान किया जावेगा। संध्या 6:30 बजे से स्थानीय वृंदावन हॉल रायपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रोताओं के निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था है। इस गरिमामई आयोजन में संस्था के संयोजक दीपक गुणवंत व्यास ने सभी संगीत रसिकों को सादर आमंत्रित किया है।

नेवसा में 25 को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

बिलासपुर (दैनंदिनी)। बिल्हा विकासखंड के ग्राम नेवसा में 25 अक्टूबर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया है। पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार यह शिविर 30 अक्टूबर को लगना था। दीपावली त्योहार नजदीक होने के कारण शिविर की तिथि में संशोधन किया गया है। अतिरिक्त कलेक्टर श्री शिव कुमार बनर्जी ने बताया कि शिविर नेवसा के बी.आर.साव. कॉलेज के सामने आयोजित होगा। कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को संशोधित तिथि के अनुरूप 25 अक्टूबर को शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रह कर जनसमस्याओं को सुनने और निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

आवश्यकता है

सीसीटीवी कैमरा एंड डीटीएच फिटिंग हेतु लड़के एवं ऑफिस की साफ सफाई हेतु, सेल्स वर्किंग, कंप्यूटर वर्क हेतु लड़के/ लड़कियों की व जनरल शॉप हेतु भी लड़के की आवश्यकता है।

संपर्क-
निशानियां मार्केटिंग
जूनी लाईन
9993455200,
07752415700

छात्रों के आइडिया के लिए प्रशासन ने लांच किया मवेशी मुक्त सड़क चैलेंज हैकथॉन

सड़कों को मवेशी मुक्त बनाने जिला प्रशासन की अभिनव पहल

बिलासपुर (दैनंदिनी)। सड़कों को मवेशियों से मुक्त करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है,इसी दिशा में एक और अभिनव पहल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा स्कूली और कालेज के छात्र-छात्राओं से मवेशी मुक्त सड़क बनाने के लिए आइडिया मंगाया गया है। इसके लिए बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड मवेशी मुक्त सड़क चौलेंज प्रतियोगिता आयोजित किया गया हैं। जिसके जरिए छात्र-छात्राओं से आधुनिक और हाईटेक तरीके से निष्पादित होने वाले प्लान मंगाए गए है,जिसमें सड़कों में मवेशियों की पहचान और प्रबंधन, मवेशियों को सड़कों से दूर रखने के लिए आश्रय स्थल या बाड़े,मवेशियों की ट्रैकिंग और स्थानीय समुदाय को मवेशियों को गोद लेने,उन्हें बचाने और देखभाल करने जैसे कार्यक्रम में शामिल करने जैसे बिंदु शामिल है। इस प्रतियोगिता के तहत सर्वश्रेष्ठ सुझाव या योजना तैयार करने वाले प्रतिभागी को पुरस्कृत किया जाएगा,वहीं श्रेष्ठ पांच सुझावों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस चौलेंज काम्पिटशन को कलेक्टर श्री अवनीश शरण,एसपी श्री रजनेश सिंह और निगम कमिश्नर श्री अमित कुमार ने छात्र-छात्राओं के बीच लांच किया, जहां उपस्थित छात्र-छात्राओं को कलेक्टर ने इस प्रतियोगिता के उद्देश्य और सार्थकता के विषय में विस्तार से समझाया और सड़कों को मवेशी मुक्त बनाने के अभियान में सहभागिता के लिए प्रेरित किया। पिछले कई महीनों से सड़कों को मवेशियों से मुक्त करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है,जिसके तहत प्रशासन के सभी अमलों को फील्ड पर उतार दिया गया है। दिन और रात को विशेष अभियान चलाए जा रहे है। इस कड़ी में छात्र-छात्राओं के इनोवेटिव सोच और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर श्री अवनीश शरण और निगम कमिश्नर श्री अमित कुमार के निर्देश पर मवेशी मुक्त सड़क चौलेंज हैकथॉन लांच किया गया है। बिलासपुर स्मार्ट सिटी द्वारा इस प्रतियोगिता को आयोजित किया जा रहा है। छात्रों से मिले सुझाव और माडल का परीक्षण करके विजेता और टाप फाइव को सम्मानित किया जाएगा।

माडल को लागू किया जाएगा-

इस चौलेंज के जरिए प्राप्त सुझाव और माडल को मवेशियों को सुरक्षित रखने और सड़कों को मवेशी मुक्त बनाने के अभियान में शामिल किया जाएगा। वर्तमान में इनोवेटिव सोच और नवाचार में रुचि रखने वाले छात्र-छात्राओं को लगातार प्लेटफार्म मिल रहा है,जिसमें छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। छात्राओं के इनोवेशन और प्रयास को प्रोत्साहित करने के लिए जिला प्रशासन छात्रों को मवेशी मुक्त सड़क अभियान में जोड़ने जा रहा है।

आयुष स्वास्थ्य मेला में 432 मरीजों का निःशुल्क इलाज

बिलासपुर (दैनंदिनी)। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ यशपाल सिंह ध्रुव के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत गोंदईया, वि ख बिल्हा में विकास खण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ जनपद सदस्य श्री दिलहरन साहू एवं सरपंच श्री संतोष केवट ने भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना कर किया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ कुमुदिनी पटेल एमडी कायचिकित्सा ने स्वागत भाषण में आयुष विभाग की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आम जनता को ज्यादा से ज्यादा आयुष पद्धति द्वारा लाभ देना है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) एवम आयुष ग्राम के योजनाओं से आम जनता को अवगत कराया। शिविर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु 350 रोगियों को काढ़ा वितरण किया गया। शिविर में वात रोग, आमवात,उदर रोग,ज्वर, कास प्रतिश्याय, श्वास, अर्श, भगंदर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, स्त्री रोग, पांडू रोग, नेत्र, कर्ण इत्यादि रोग का इलाज किया गया। मौसमी बीमारी के लिए जागरूक करते हुए ऋतु अनुसार लोगों को खान पान आहार विहार, पथ्य अपथ्य,दिनचर्या ऋतु चर्या के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में 432 लोगों का इलाज किया गया जिसमें 130 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया।

छात्र-छात्राओं के नेत्र स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण पहल

दंतेवाड़ा (दैनंदिनी)। जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में जिले के सभी स्कूलों, आश्रमों और पोटा केबिनों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण चल रहा है। यह कार्यक्रम जिला के नेत्र सहायक अधिकारी और चिरायु टीम द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस जांच में मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, रेटीना अलग होना, भेंगापन आदि की जांच की जा रही है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने अब तक 55 स्कूलों के 5199 छात्र-छात्राओं की जांच की है। इस दौरान 254 छात्रों में दृष्टि दोष पाया गया है, और 18 छात्रों को आंखों से संबंधित समस्याओं के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

यह पहल छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण है, क्योंकि आंखों से संबंधित समस्याएं अक्सर समय पर पहचान नहीं होने पर गंभीर रूप धारण कर सकती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके ने कहा कि यह अभियान सभी छात्रों को उचित उपचार और देखभाल प्रदान करने की दिशा में एक कदम है। इस जांच के दौरान किसी भी छात्र को आंखों की समस्या पाए जाने पर तुरंत जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है, जिससे उन्हें समय पर विशेषज्ञ चिकित्सा मिल सके। इसके अलावा, स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं, ताकि छात्रों को आंखों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके। जिला प्रशासन का यह प्रयास निश्चित रूप से दंतेवाड़ा के छात्रों के स्वास्थ्य में सुधार लाने में सहायक साबित होगा। शिक्षा और स्वास्थ्य के इस संगम से आने वाली पीढ़ी को एक स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर किया जा सकेगा।

प्रमुख अभियंता ने ली संभाग स्तरीय बैठक

बिलासपुर (दैनंदिनी)। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षा योजना को धरातल पर शत प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार विभागीय अमले की तैयारी एवं ठेकेदारों को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराये जाने हेतु प्रमुख अभियंता को निर्देश दिया गया है। इस सिलसिले में प्रमुख अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना श्री के.के. कटारे द्वारा बिलासपुर आरआरएनएमयू भवन के सभा कक्ष में संभाग स्तरीय बैठक ली गई जिसमें परियोजना मण्डल के अधीक्षण अभियंता श्री वरूण राजपूत तथा बिलासपुर अंतर्गत समस्त कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता एवं सभी योजनाओं से संबंधित ठेकेदार उपस्थित थे।

बैठक में प्रमुख अभियंता मंत्री के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पीएमजनमन के बैच एक के समस्त कार्य मार्च 2025 तक पूर्ण किये जाने हेतु कार्ययोजना अनुसार वर्षा ऋतु की समाप्ति पश्चात् कार्यो में तेजी लाने निर्देशित किया गया। उप मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार अगले 01 माह में विशेष संधारण पखवाड़ा चलाकर नियमित संधारण के समस्त सड़कों को सुरक्षित एवं सुगम बनाने के निर्देश दिये गये। संधारण

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

कार्यो में किसी भी किस्म की लापरवाही बरतने पर संबंधित ठेकेदारों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। 2023-24 एवं उनसे पूर्व के समस्त नवीनीकरण कार्य अगले 15 दिवस में पूर्ण न किए जाने पर ठेकेदारों पर कार्यवाही के निर्देश दिए।

प्रमुख अभियंता ने निर्देश दिया कि प्रत्येक सप्ताह के लक्ष्य निर्धारित कर कार्यो की समीक्षा करें एवं कार्यो की गुणवत्ता से समझौता न करते हुए सभी कार्यो निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाये। इसके पश्चात प्रमुख अभियंता ने कोटा विकासखण्ड के दूरस्थ अंचल पंचायत टाटीधार एवं मोहली के पास निर्माणाधीन पीएमजनमन की दो सड़कों का निरीक्षण किया जिसमें ग्राम के सरपंच संबंधित ठेकेदार एवं विभागीय अभियंता उपस्थित थे। अत्यंत दुर्गम वन क्षेत्र में बैगा जनजाति के ग्रामीणों के लिए अरपा नदी के किनारे रेल्वे ब्रिज के निकट निर्माणाधीन बगथपरा मार्ग एवं पहाड़ी दुर्गम पहुंच विहीन छपरापारा (मोहली ग्राम) मार्ग के प्रस्तावित एलाइन्मेंट का निरीक्षण करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिया एवं विभागीय अमले को कठिन परिस्थितियों में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया तथा प्रस्तावित वृहद पुल के स्थान का भी निरीक्षण किया गया। प्रमुख अभियंता ने संधारण अंतर्गत सड़कों में हो रहे कार्यो का भी निरीक्षण किया एवं कार्यो में सुधार हेतु निर्देश दिये।

अवैध तरीके से संचालित क्लीनिक को एसडीएम ने किया सील

बीजापुर। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन में एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल द्वारा अवैध रूप से संचालित क्लिनिक को सील किया गया। ज्ञात हो कि गुरुवार 17 अक्टूबर को गायत्री मेडिकल स्टोर बीजापुर के प्रथम तल में अवैध क्लीनिक संचालन संबंधी सूचना प्राप्त होने पर एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल श्री की अगुवाई में बीएमओ बीजापुर, तहसीलदार बीजापुर एवं थाना प्रभारी बीजापुर की टीम के द्वारा छापा मार कार्यवाही की गई कार्यवाही के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भी उपस्थित थे कार्यवाही के दौरान कुछ मरीज भी पाए गए और कुछ अचानक हुई कार्यवाही से घबराकर भाग गए, कार्यवाही के दौरान गर्भपात किट, सेलाइन की बोतलें, खून जांच करने की मशीनें, खून से भरी पिपेट और भारी मात्रा में दवाईयां पाई गई जिसे नियमानुसार जप्ती कर क्लीनिक को सील करने की कार्यवाही की गई है, पूर्व में भी उक्त क्लीनिक जिसका संचालक रमेश मिश्रा है पर कार्यवाही की गई थी और उसे हिदायत भी दी गई थी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि जिले में कुछ जगहों से अवैध क्लीनिक संचालन कर लोगों की जान से खिलवाड़ करने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई है और आने वाले समय में ऐसे समस्त अयोग्य डाक्टरों एवं अवैध क्लीनिक संचालको पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी और स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ खिलवाड़ न हो इसके लिए सख्ती से कदम उठाए जाएंगे।

बिलासपुर को मोतियाबिंद मुक्त जिला घोषित करने की तैयारी

बिलासपुर (दैनंदिनी)। राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला बिलासपुर में मार्च 2024 की स्थिति में कुल 524 दोनों आंखों से मोतियाबिंद के सभी मरीजों का सफलतापूर्वक निःशुल्क ऑपरेशन किया गया है। सीएमएचओ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले को दोनों आंखों से मोतियाबिंद की सूची नेत्र सहायक अधिकारियो द्वारा प्राप्त हुई है। इसके बाद जिला बिलासपुर को दोनों आंखों से मोतियाबिंद मुक्त जिला घोषित किया जाना है। जिले को दोनो आंखों से मोतियाबिंद मुक्त ग्राम सरपंच, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, सेक्शन प्रभारी/सेक्टर प्रभारी, नेत्र सहायक अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से पूर्व में मोतियाबिंद मुक्त ग्राम का प्रमाण पत्र लिया गया था। वर्तमान मे मोतियाबिंद मुक्त ग्राम का प्रमाण पत्र पुनः लिया जा रहा है।

मौके पर ही हुआ 110 आवेदनों का निराकरण

करगीकला में जनसमस्या निवारण शिविर, योजनाओं से लाभान्वित हुए ग्रामीण

बिलासपुर (दैनंदिनी)। ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों के निराकरण के लिए राज्य शासन के निर्देश पर जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज कोटा ब्लॉक के ग्राम करगीकला में शासकीय स्कूल मैदान में शिविर लगाया गया। जिसमें गांवों के स्थानीय नागरिक सहित आस-पास के गांवों के लोगों के आवेदनों और समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर में ग्रामीणों की मांग और शिकायतों से संबंधित 532 आवेदन मिले, इनमें से मौके पर ही 110 आवेदनों का निराकरण किया गया। विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। शिविर में श्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया। इस अवसर एडीएम श्री आर.ए. कुरूवंशी, एसडीएम श्री युगल किशोर उर्वशा, सीईओ श्री युवराज सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

शिविर को संबोधित को करते हुए श्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि जिला प्रशासन जनसमस्या निवारण के जरिए ग्रामीणों तक पहुंचकर समस्याओं का निराकरण कर रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वार स्टॉल लगाकर शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही लाभान्वित भी किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

विभिन्न योजनाओं से हितग्राही हुए लाभान्वित-

जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं के तहत सहायता राशि, सामग्री और प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन गोदभराई किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्व सहायता समूहों को लोन, आवास स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण, मत्स्य पालन विभाग द्वारा कीट, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, वॉकर, उद्यानिकी विभाग द्वारा हितग्राहियों को सब्जी कीट एवं राजस्व विभाग द्वारा जाति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में टीबी, शुगर जांच, खून जांच एवं निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में दवाईयों का वितरण किया गया।

विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारी-

शिविर में सभी विभागों के अधिकारियों ने शासन की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उपस्थित हितग्राहियों को बताया कि वे कैसे योजनाओं का लाभ ले सकते है। इसमें स्वास्थ्य, पशु पालन, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य, कृषि, जलसंसाधन विभाग, पुलिस विभाग, समाज कल्याण विभाग, मत्स्य विभाग, श्रम विभाग, डाक विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

छत्तीसगढ़ में उपचुनाव मतलब एक और परीक्षा

संपादकीय

किसी राज्य में चुनाव व उपचुनाव मतलब होता है राज्य के नेताओं के लिए फिर एक ऐसी परीक्षा जिसमें सफल होना जरूरी है।नेता चाहे सत्तारूढ़ दल का हो या विपक्ष का है। दोनों के लिए जरूरी होता है कि वह अपनी पार्टी को जिता कर दिखाएं। जो जिता देता है, वह होता है बड़ा नेता,उसका कद राज्य में और ऊंचा हो जाता है। नेता जितने चुनाव व उपचुनाव जिताता है, उसका कद उतना ही बढ़ता है और जो नेता जितना चुनाव व उपचुनाव पार्टी को नहीं जिता पाता है उसका कद उतना ही कम होता जाता है। राज्य में भूपेश बघेल सहित कई कांग्रेस नेता जो विधानसभा में कांग्रेस को जिता नहीं पाए, उसके बाद लोकसभा में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए यानी पार्टी जितनी सफलता चाहती थी, उतनी सफलता पार्टी को दिला नहीं पाए। उनका कद पहले की तुलना में कम हुआ है क्योंकि वह न तो विधानसभा चुनाव जिता पाए और न ही लोकसभा चुनाव जिता पाए।ऐसे में उनके सामने रायपुर दक्षिण की सीट को जीतना एक और बड़ी चुनौती है। यह सीट बृजमोहन अग्रवाल के सांसद पर खाली हुई है। यह विधानसभा क्षेत्र भाजपा सबसे मजबूत किला माना जाता है, यहां से बृजमोहन अग्रवाल जीतते रहे हैं।यहां बृजमोहन अग्रवाल के सामने कांग्रेस ने जिसे भी खड़ा किया वह हारा है।पिछले चार चुनाव की बात करें तो २००८ में योगेश तिवारी,२०१३ में किरणमयी नायक,२०१८ में कन्हैया अग्रवाल व २०२३ में महंत रामसुंदरदास को कांग्रेस ने बृजमोहन को हराने के लिए उतारा था, लेकिन चारो हार गए। माना जाता है कि जो बृजमोहन अग्रवाल के सामने चुनाव लड़ता है व हारता तो जरूर है और उसका राजनीतिक भविष्य भी समाप्त हो जाता है। इसलिए बृजमोहन के खिलाफ चुनाव लड़ने से बड़े नेता तक कतराते हैं। माना जाता है कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल से पिछले लोकसभा चुनाव में कहा गया था कि वह रायपुर दक्षिण से चुनाव लड़े और बृजमोहन अग्रवाल को हराकर एक और सीट कांग्रेस के लिए जीतें लेकिन भूपेश बघेल ने रायपुर दक्षिण से चुनाव लड़ने से साफ मना कर दिया और राजनांदगांव से चुनाव लड़े और वहां भी नहीं जीत पाए।कहा जाता है जब अच्छे दिन रहते हैं तो हर चुनाव में जीत मिलती है,भूपेश बघेल के अच्छे दिन थे तो विधानसभा चुनाव जीतने के बाद राज्य में जितने उपचुनाव हुए थे, जितने नगर निकाय,पंचायत हुए थे, सब कांग्रेस ने जीते थे।तब राज्य में कांग्रेस का कोई मुकाबला नहीं था। आज हाल यह है कि भूपेश बघेल जीत का दावा कर विधानसभा चुनाव में पार्टी को नहीं जिता पाए, उसके बाद लोकसभा चुनाव में कुछ खास नही कर पाए। अभी तो दिल्ली दरबार ने जय-वीरु को महाराष्ट्र में कांग्रेस को चुनाव जिताने की जिम्मेदारी सौंपी है।

चर्चा है कि जय वीरू के अलावा दो और राज्य के पूर्व सीएम व डिप्टी सीएम को भी महाराष्ट्र का चुनाव जिताने के लिए लगाया गया है।यह जय-वीरू की एक और बड़ी परीक्षा है।इसमें पास हुए तो अच्छा दोनों को कद दिल्ली दरबार मे थोड़ा ऊंचा हो जाएगा। हमेशा की तरह नहीं जिता पाए तो राजनीतिक महत्व और कम हो जाएगा।वैसे तो माना जाता है कि भूपेश बघेल को जहां भी चुनाव जिताने के लिए भेजा जाता है तो वहां कांग्रेस हार जाती है।असम और यूपी इसका उदाहरण है।जय-वीरू को दिल्ली से बड़ी जिम्मेदारी मिली तो चरणदास महंत को कैसे भुला दिया जाता,उनको ओडिशा में कांग्रेस के संगठन का काम देखने की जिम्मेदारी दी गई है। संदेश दिया गया है कि महंत भी कांग्रेस के बड़े नेता है, उनका कद भी दिल्ली में कम नहीं है।कांग्रेस में पद से कद नापा जाता है, इसलिए ज्यादातर नेता पद पाने के जुगाड़ में रहते हैं जिसे मिल जाता है, वह बड़ा नेता हो जाता है, भले ही वह अपने राज्य में चुनाव या उपचुनाव न जिता सके।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्षीय यात्रा पर एक नजर

विजय कुमार

डा. हेडगेवार ने संगठन को देश की राष्ट्रीय आवश्यकता कहा था। उन्होंने कोलकाता में क्रांतिकारियों और नागपुर में कांग्रेस के साथ काम कियाय पर संघ स्थापना के बाद पूरी शक्ति यहीं लगा दी। इसलिए पहले 50 साल संघ ने केवल संगठन किया। 2025 की विजयादशमी पर संघ सौवें वर्ष में पहुंच रहा है। ऐसे में इस यात्रा के कुछ पड़ावों पर नजर डालना उचित होगा। डा. हेडगेवार ने संगठन को देश की राष्ट्रीय आवश्यकता कहा था। उन्होंने कोलकाता में क्रांतिकारियों और नागपुर में कांग्रेस के साथ काम कियाय पर संघ स्थापना के बाद पूरी शक्ति यहीं लगा दी। इसलिए पहले 50 साल संघ ने केवल संगठन किया। यद्यपि अन्य बहुत कुछ भी शीर्ष नेतृत्व के मन में था। दत्तोपंत ठेंगड़ी इसे 'प्रोगेसिव अनफोल्डमेंट' कहते थे। इसके बल पर ही संघ ने हर संकट को झेला। इस पहले दौर में स्वयंसेवकों ने कई संस्थाएं बनायीं। इनमें राष्ट्र सेविका समिति (1936), अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (1949), वनवासी कल्याण आश्रम (1952), भारतीय मजदूर संघ (1955), विश्व हिन्दू परिषद (1964), भारतीय जनसंघ/भारतीय जनता पार्टी (1951), सरस्वती शिशु मंदिर/विद्या भारती (1952) आदि प्रमुख हैं। यद्यपि इनके संविधान, कोष, पदाधिकारी, कार्यक्रम आदि अलग हैंय पर प्रेरणा संघ की ही है।

संघ पर प्रतिबंधः संघ पर 1932 और 1940 में शासन ने आंशिक प्रतिबंध लगायेय पर वे ज्यादा नहीं चले। 1948 में गांधी जी की हत्या के बाद फिर प्रतिबंध लगा। तब शासन, प्रशासन और जनता संघ के विरोध में थी। प्रचार माध्यम सरकार के पास थे। संघ के पास अपनी बात कहने का कोई साधन नहीं था। फिर भी संघ ने सत्याग्रह से सरकार को झुका दिया। पर फिर शाखा के साथ ही समविचारी संगठनों का विस्तार और प्रभाव बढ़ने लगा। इसीलिए जब 1975 में इंदिरा गांधी ने संघ पर प्रतिबंध लगाया, तो जनता संघ के साथ रही। संघ ने फिर सत्याग्रह किया। जनता डर से चुप थी, पर चुनाव में उसका आक्रोश फूट पड़ा और इंदिरा गांधी हार गयी। यह संगठन के बल पर ही हुआ। समाज में बढ़ती स्वीकार्यता का लाभ उठाकर संघ ने संगठन को फैलाया तथा स्वयंसेवकों ने अनेक नयी संस्थाएं बनायीं। 1992 में बाबरी विध्वंस के बाद सरकार ने फिर प्रतिबंध लगाया, जिसे न्यायालय ने ही खारिज कर दिया। 1975 और 1992 के प्रतिबंध से संघ के संगठन और प्रभाव में वृद्धि हुई। उसका नाम दुनिया भर में फैल गया। 1977 के बादः इसे हम दूसरा 50 वर्षीय कालखंड कह सकते हैं। संघ ने अनुभव किया कि हमारा काम समाज के निर्धन वर्ग में नहीं है। इनकी पहली जरूरत रोटी, कपड़ा और मकान है। इस कारण लोग धर्मांतरण भी कर लेते हैं। मीनाक्षीपुरम कांड इसका उदाहरण था। अतः सेवा के क्षेत्र में प्रवेश किया गया। 1989 में डा. हेडगेवार की जन्मशती पर 'सेवा निधि' एकत्र कर हजारों पूर्णकालिक कार्यकर्ता बनाये गये। निर्धन बस्तियों को 'सेवा बस्ती' कहकर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के हजारों छोटे प्रकल्प शुरू किये। अब इनकी संख्या डेढ़ लाख से भी अधिक है। अब सैकड़ों बड़े प्रकल्प भी हैं, पर मुख्य ध्यान छोटी इकाइयों पर ही है। केवल संघ ही नहीं, तो सभी समविचारी संस्थाएं सेवा कार्य कर रही हैं। यहां से पुरुष और महिला कार्यकर्ता भी आगे आ रहे हैं। कुछ चुनौतियांः 1947 में देश विभाजन एक बड़ी चुनौती थी। इस दौरान पंजाब और सिंध में संघ ने सीमित शक्ति के बावजूद लाखों

हिन्दुओं की रक्षा की, महिलाओं की लाज बचाई और उनका पुनर्स्थापन किया। बंगाल में शक्ति कम होने से यह प्रभावी ढंग से नहीं हो सका। 1950 में प्रतिबंध हटने पर कुछ लोगों का विचार था कि निर्दोष होते हुए भी संसद या किसी विधानसभा में कोई हमारे पक्ष में नहीं बोला।

अतः हमें शाखा छोड़कर केवल राजनीति करनी चाहिएय पर सरसंघचालक श्री गुरुजी नहीं माने। उन्होंने कहा कि राजनीति जरूरी होते हुए भी सब कुछ नहीं है। इससे कई बड़े लोग नाराज हो गये। यद्यपि संघ ने फिर राजनीति में भी कई लोगों को भेजा, पार्टी भी बनायी, पर राजनेताओं और दलों का जो हाल है, उससे श्री गुरुजी की बात प्रमाणित हो रही है। संगठन होने के कारण संघ तथा संघ प्रेरित संस्थाएं लगातार नयी टीम बनाकर पुरानों के संरक्षण में उन्हें पदस्थापित करते रहते हैं, पर 1968 में भारतीय जनसंघ को एक झटका लगा। दीनदयाल जी का निधन हो चुका था। जनसंघ वाले अटल बिहारी वाजपेयी को आगे लाना चाहते थे। इससे रुष्ट होकर बलराज मधोक ने पार्टी छोड़ दी, पर जल्दी ही वे समझ गये कि कुछ लोग कुछ समय के लिए कोई संस्था तो चला सकते हैं, पर संगठन नहीं। अतः वे शांत होकर फिर संघ के कार्यक्रमों में आने लगे। यद्यपि उनके अलगाव से श्री गुरुजी सहित सब स्वयंसेवकों को दुख हुआ, पर संघ में व्यक्ति नहीं, संगठन महत्वपूर्ण है। ऐसी ही एक चुनौती 2018 में विश्व हिन्दू परिषद में आयी। एक प्रभावी नेता ने अपनी नयी संस्था बना ली। यहां भी टकराव व्यक्ति और संगठन में ही था। आशा है वे भी शीघ्र ही मुख्य धारा में लौट आएंगे। अब आगे की ओरः कभी 'संगठन के लिए संगठन' की बात कही जाती थी, पर 50 साल संगठन और 50 साल विस्तार के बाद अब संघ समाज परिवर्तन की ओर बढ़ रहा है। जहां संघ का काम पुराना है, वहां परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और स्थानीय वस्तुओं का प्रयोग, सामाजिक समरसता, एक मंदिर, एक शमशान, एक जलस्रोत, नागरिक कानूनों के पालन आदि का आग्रह किया जा रहा है। संघ के प्रयास से इस दिशा में भी निःसंदेह सुधार होगा। समाज में हजारों संस्थाएं और लोग अच्छे काम कर रहे हैं। संघ उन्हें भी साथ लेकर सम्मान और श्रेय देता है। संस्थागत अभिनिवेश से मुक्ति संघ की एक बड़ी विशेषता है। यद्यपि जब से भाजपा की सरकारें केन्द्र और राज्यों में बन रही हैं, तब से संघ में बहुत भीड़ भी आने लगी है। नये लोगों का आना सुखद है, पर जो स्वार्थवश आ रहे हैं, उनसे सावधान रहना होगा। 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे' से लेकर 'परम वैभवं नेतुमेतत स्वराष्ट्रम्' की इस अविराम यात्रा में बहुत काम बाकी है।

भारत की पड़ोसी के घर जाकर हुंकार

किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ के हर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सबकी निगाहें अब भारत को ढूंढती है कि वहां से कौन आया है। एक जमाना था जब भारत को संभवतः कोंनटा मिलता था, जो आज फ्रंट में तब्दील हो गया है ! आज हम इस विषय पर बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि इस बार 23 वाँ शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) पाकिस्तान के इस्लामाबाद में 15-16 अक्टूबर 2024 को संपन्न हुआ, जिसमें सभी देशों की निगाहें भारत पर थी देखा गया के एससीओ से अलग भारतीय व पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों में कुछ समय गुफ्तगू हुआ जो भारत पाकिस्तान दोनों के अधिकृत एजेंडे,बयानों में नहीं है परंतु मीडिया में इस तरह की खबरें जोर पकड़ रही है,यानें दोनों देशों के संबंध सुधारने की दिशा में शायद एक कदम उठ सकता है। चूँकि भारत नें पड़ोसी के घर में जाकर हुंकार भरी कि अच्छे पड़ोसी संबंधों व विश्वास में गिरावट की परिस्थितियों के करणों का विश्लेषण करना जरूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत का एससीओ की तीन बुराइयों आतंकवाद अलगाववाद व उग्रवाद का मुकाबला करनें का आगाज वाकई सराहनीय कदम है। साथियों बात अगर हम इस्लामाबाद पाकिस्तान की मेजबानी में 15-16 अक्टूबर 2024 को आयोजित शंघाई सहयोग संगठन की करें तो, 23वां शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन हाल ही में समाप्त हुआ। यह शिखर सम्मेलन क्षेत्रीय सहयोग और विकास पर केंद्रित था, जिसमें सदस्य देशों ने सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और आतंकवाद जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। शिखर सम्मेलन के समाप्त होने के बाद, वह इस्लामाबाद से नई दिल्ली आ गए। इस बैठक में भारत और पाकिस्तान के संबंधों पर विशेष ध्यान दिया गया, साथ ही अन्य सदस्य देशों के साथ भारत के व्यापार और कूटनीतिक रिश्तों को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। एससीओ शिखर सम्मेलन में अक्सर क्षेत्रीय स्थिरता, विकास, और सुरक्षा के मुद्दों पर बातचीत होती है, और इस साल के आयोजन ने इन विषयों पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया।बता दें कि पाकिस्तान पहुंचे विदेश मंत्री ने 16 अक्टूबर को एससीओ समिट को संबोधित करते हुए पाकिस्तान-चीन के सीपीईसी प्रोजेक्ट के कारण भारतीय संप्रभुता के उल्लंघन का मुद्दा उठाया। विदेश मंत्री ने कहा कि एससीओ के सदस्य देशों का सहयोग परस्पर सम्मान और संप्रभु समानता पर आधारित होना चाहिए। यह जरूरी है कि सभी देश क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दें, इसके लिए वास्तविक साझेदारी का निर्माण होना चाहिए, न कि एकपक्षीय एजेंडे पर आगे बढ़ा जाना चाहिए।विदेश मंत्री ने सीपीईसी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि अगर हम दुनियाँ की चुनिंदा प्रथाओं को ही आगे बढ़ाएंगे खासकर व्यापार और व्यापारिक मार्गों के लिए तो एससीओ की प्रगति नहीं हो पाएगी। बता दें कि सीपीईसी को लेकर भारत की चिंता है कि यह परियोजना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से होकर गुजरती है, इस क्षेत्र को भारत अपना अभिन्न अंग मानता है। बता दें विदेश मंत्री एस जयशंकर ऐसे पहले विदेश मंत्री हैं जो 9 साल में पहली बार पाकिस्तान दौरे पर गए हैं।इससे पहले 2015 में सुषमा स्वराज ने विदेश मंत्री के रूप में पाकिस्तान का दौरा किया था।पाकिस्तान में एससीओ समिट ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव है। ऐसे में विदेश मंत्री का इस सम्मेलन में शिरकत के लिए जाना काफी अहम है। भारत के विदेश मंत्री इस्लामाबाद में

एससीओ की बैठक में हिस्सा लेकर बुधवार देर शाम तक नई दिल्ली लौट आए। जयशंकर तकरीबन 24 घंटे पाकिस्तान की राजधानी में रहे, इस दौरान उन्होंने दो बार पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ से हाथ मिलाया, पीएम शरीफ की तरफ से आयोजित रात्रि भोज में हिस्सा लिया और दोपहर के भोज में जयशंकर की शरीफ के साथ अनौपचारिक बातचीत भी हुई। हालांकि, इसे दोनों देशों के बीच संबंध में बड़े सुधार के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

साथियों बात अगर हम भारत के संबोधन में चीन पाकिस्तान पर दो टूक की करें तो,शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में शिरकत करने पाकिस्तान दौरे पर गये विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन और पाकिस्तान की पोल खोलकर रख दी है।एससीओ समिट को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने पाकिस्तान-चीन के सीपीईसी प्रोजेक्ट के कारण भारतीय संप्रभुता के उल्लंघन का मुद्दा उठाया है। विदेश मंत्री ने कहा कि एससीओ के सदस्य देशों का सहयोग परस्पर सम्मान और संप्रभु समानता पर आधारित होना चाहिए। यह जरूरी है कि एससीओ के सभी देश क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दें। इसके लिए वास्तविक साझेदारी का निर्माण होना चाहिए, न कि एकपक्षीय एजेंडे पर आगे बढ़ा जाना चाहिए। विदेश मंत्री ने सीपीईसी की ओर इशारा करते हुए कहा कि यदि हम दुनियाँ की चुनिंदा प्रथाओं को ही आगे बढ़ाएंगे खासकर व्यापार और व्यापारिक मार्गों के लिए तो एससीओ की प्रगति नहीं हो पाएगी। बता दें कि सीपीईसी को लेकर भारत की चिंता है कि यह परियोजना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से होकर गुजरती है, इसे क्षेत्र को भारत अपना अभिन्न हिस्सा मानता है।विदेश मंत्री ने एससीओ शिखर सम्मेलन में कहा कि एससीओ का प्राथमिक लक्ष्य आतंकवाद, अलगाववाद और अतिवाद का मुकाबला करना है। वर्तमान समय में ये और भी महत्वपूर्ण है। इसके लिए ईमानदार बातचीत, विश्वास, अच्छे पड़ोसी और एससीओ चार्टर के प्रति प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। एससीओ को इन तीन बुराइयों का मुकाबला करने में दृढ़ और संकल्पित होने की आवश्यकता है। साथियों बात अगर हम शंघाई सहयोग संगठन में 16 अक्टूबर 2024 को भारतीय विदेश मंत्री के संबोधन की करें तो, दिन में इस्लामाबाद में एससीओ समिट की बैठक को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। उन्होंने ने पाकिस्तान और चीन का नाम लिए बिना इशारों-इशारों में कहा कि सभी देशों को एक दूसरे की सीमाओं का सम्मान करने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि अगर दोनों देशों के बीच दोस्ती में कमी आई है और पड़ोसी से संबंध बिगड़े हैं तो इस पर आत्मनिरीक्षण किया जाना चाहिए। अगर हमारे बीच भरोसे में कमी आई है तो हमें अंदर झांकने और विचार करने की जरूरत है सीपीईसी की ओर इशारा करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि वैश्वीकरण और पुनःसंतुलन आज की वास्तविकताएं हैं। एससीओ देशों को इसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। सहयोग, आपसी सम्मान और संप्रभु समानता पर आधारित होना चाहिए।एससीओ समिट का शुरूआत करते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा पाकिस्तान शांति, सुरक्षा और सामाजिक आर्थिक विकास चाहता है। अफगानिस्तान हमारे साथ जमीनी सीमा साझा करता है, इसलिए वहां शांति हमारे लिए जरूरी है। अफगानी जमीन का इस्तेमाल उसके पड़ोसियों के खिलाफ आतंकवाद के लिए नहीं होना चाहिए। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 23वाँ शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन15-16 अक्टूबर 2024- इस्लामाबाद पाकिस्तान में भारत की हुंकार।भारत की पड़ोसी के घर जाकर हुंकार- अच्छे पड़ोसी संबंधों व विश्वास में गिरावट की परिस्थितियों के कारणों का विश्लेषण करना जरूरीभारत का एससीओ

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है। आप अपनी संतान को यदि कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उसे पूरी अवश्य करेंगे। आपके पिताजी को आंखों से संबंधित समस्याएं यदि चल रही थी, तो उससे काफी हद तक राहत मिलेगी। परिवार में कोई सदस्य नौकरी को लेकर यदि लंबे समय से परेशान चल रहा था, तो वह समस्या भी दूर हो सकती है। आपको अपने किए गए कामों के लिए कार्यक्षेत्र में कोई पुरस्कार मिल सकता है।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको कोई बड़ा फैसला लेने से बचना होगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपने यदि कुछ कर्ज लिया था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। घूमने-फिरने के दौरान आपको कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है। आपको अपने किसी मन की बात को किसी बाहरी व्यक्ति से साझा करने से बचना होगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर यदि टेंशन चल रही थी, तो वह भी दूर हो सकती है। आप अपने घर की रखरखाव के साथ-साथ अपने ऊपर पूरा ध्यान देंगे। आपके रहन-सहन के स्तर में भी आप बदलाव कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि आपके सहयोगी आपके उन कामों को बिगड़ने की कोशिश करेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

कर्क- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको कामों को लेकर कुछ कठिनाइयां बनी रहेगी। यदि आपका धन कहीं फंसा हुआ था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखना होगा, क्योंकि आपके मित्रों की संख्या में इजाफा होगा। आपको काम को लेकर कुछ परेशान होना पड़ सकता है। आप किसी के भरोसे कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट ना करें।

सिंह- आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बेहतर रहने वाला है। आपको साझेदारी में कोई काम करने का पूरा लाभ मिलेगा। कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको अपनी संतान की संगति की ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको अपनी आय के स्त्रोतों पर पूरा ध्यान देना होगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी अजनबी पर भरोसा थोड़ा सोच समझकर करें, क्योंकि वह आपके उस भरोसे को तोड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी बड़े पद की प्राप्ति होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपकी तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होगी। यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है।

तुला- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर सावधान रहकर आगे बढ़ना होगा और किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। संतान की तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होगी। आपको अपने पिताजी से मन की बात कहने का मौका मिलेगा। विद्यार्थी सेहत संबंधित समस्याओं को लेकर परेशान रहेंगे। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। यदि आपका कोई काम अटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता से भरा रहने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूर्ति हो सकती है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपका यदि कोई नया घर खरीदने का सपना लंबे समय से अटक रहा था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपको कामों में यदि कोई गलतफहमी चल रही है, तो आप उसे दूर करने की कोशिश करें। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको अपने प्रयासों में तेजी लाने की आवश्यकता है। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है।

धनु- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप किसी बड़ी डील को लेकर यदि लंबे समय से परेशान चल रहे थे, तो उसे आप फाइनल कर सकते हैं। आपके मन में प्रतिस्पर्धा का भाव रहेगा। किसी काम को लेकर यदि आपके मन में संशय बना हुआ है, तो आप उसमें आगे ना बढ़ें। आपका कोई काम आपकी इच्छा के विरुद्ध हो सकता है। कारोबार में आपको कोई बड़ी डील को फाइनल करने का मौका मिलेगा। विद्यार्थियों का मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

मकर- आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा। आप किसी काम को लेकर लापरवाही ना बरतें, नहीं तो इससे समस्या हो सकती है। आपको अपने कीमती सामानों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि उनके चोरी होने का भय बना हुआ है। आप अपने जीवनसाथी के साथ रोमांटिक मूड में नजर आएंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की साथी से कुछ खटपट होने की संभावना है। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई पर पूरा

मलेरिया से भी गंभीर है डेंगू का दंश

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

भारत सहित दुनिया के देशों में डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित दुनिया के देश डेंगू को लेकर अब गंभीर हो गए हैं। इसका बड़ा कारण है कि दुनिया के 130 देश डेंगू की जद में आ चुके हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इस समय 4 अरब लोग डेंगू से प्रभावित हो रहे हैं और 2050 तक यह आंकड़ा पांच अरब को पार कर जाएगा। भारत की बात की जाए तो देश के लगभग हर प्रदेश में डेंगू के नित नए केस सामने आ रहे हैं। भले ही यह माना जाता हो कि डेंगू के कारण मौत की दर बहुत कम है और सामान्यतः डेंगू सामान्य पेरासिटामोल और डॉक्टरों के सलाह के अनुसार पेय पदार्थ एलोरा ज्यूस आदि लेने से ठीक हो सकता है। हालांकि कोल्ड ड्रिंक की सलाह नहीं दी जाती है। सामान्यतः यह माना जाता है कि डेंगू के कारण तेजी से प्लेटरेट में कमी आती है पर विशेषज्ञों का मानना है कि प्लेटरेट से भी ज्यादा गंभीर होता है ब्लड प्रेशर में कमी आना है। प्लेटरेट के साथ ही ब्लडप्रेशर को नियंत्रित रखना जरुरी हो जाता है। यह ध्यान रखना अधिक जरुरी हो जाता है कि ब्लड प्रेशर लो नहीं होना चाहिए। डेंगू का असर सीधे लीवर पर पड़ता है और ब्लड के अंतःस्राव की समस्या हो जाती है। जो अपने आप में गंभीर होती है। उल्टी होने से डिहाईड्रेशन की समस्या अधिक गंभीर हो जाती है। दरअसल एक समस्या यह है कि डेंगू का पता भी तीन चार दिन बाद पता चलता है। इसलिए सावधानी सबसे बड़ी जरुरी हो जाती है। खैर सबसे अधिक चिंतनीय यह है कि डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है विश्व स्वास्थ्य संगठन अब अधिक गंभीर हो गया है। गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि इंडोनेसिया में ड्रोन से सर्वे कर मच्छरों के लार्वा की खोज करके नष्ट करने का यह परिणाम रहा है कि डेंगू के मामलों में 70 फीसदी तक कमी आई है। डेंगू से बचाव के लिए डेंगू मच्छर का खात्मा करने वाले एंटीडेंगू मच्छर को दुनिया के करीब 14 देशों में छोड़े जाने का निर्णय किया गया है। वैज्ञानिकों द्वारा प्रयोगशाला में एंटीडेंगू मच्छर का सफल प्रयोग किया जा चुका है और ब्राजील में बड़ा केन्द्र बनाते हुए बोल्वाशिया मच्छर का उत्पादन आरंभ

कर दिया गया है। हांलाकि किन किन 14 देशों में एंटी डेंगू मच्छरों को छोड़ा जाएगा यह निर्णय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अभी किया जाना है। पर एक बात साफ हो चुकी है कि डेंगू पर समय रहते रोक अभियान चलाया जाना आवश्यक है। क्योंकि डेंगू अब किसी देश की सीमा में बंधा नहीं रह गया है। देश दुनिया की सरकारों और विश्व स्वास्थ्य संगठन के सामने डेंगू बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। दरअसल डेंगू की गंभीरता को देखते हुए ही गैर सरकारी वर्ल्ड मास्कीटों प्रोग्राम के तहत एंटीडेंगू मच्छर विकसित किया गया है। 2023 में इंडोनेशिया में इनका प्रयोग किया जा चुका है और इनके प्रभाव से 95 प्रतिशत तक सकारात्मक प्रभाव देखा गया है। हालांकि 2011 में आस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में लगातार चार बरसाती सीजन में एंटीडेंगू मच्छर का प्रयोग किया गया और दावा किया गया कि वहां चार बरसातों में एक भी डेंगू का मामला सामने नहीं आया। इन मंच्छर में एक बैक्टिरिया वोल्वाशिया पापीएंटिस डाला गया है। वैज्ञानिकों का दावा है कि इससे बीमारी वाले मच्छरों को वायरस फैलाने से रोकने में सफल होंगे। अब तक के परीक्षणों में यह खरे भी उतरे हैं। डेंगू की भयावहता को इसी से समझा जा सकता है कि 16 मई को भारत में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाने लगा है। इस दिवस के आयोजन के माध्यम से लोगों में अवेयरनेस जागृत की जाती है। दरअसल डेंगू एडीज एजिप्टी प्रजाती की मादा मच्छर के कारण तेजी से फैलता है। बरसात के दिनों में यह मच्छर तेजी से फैलता है। जमा पानी और गंदगी आदि में डेंगू मच्छर तेजी से बढ़ते हैं। जुलाई से सितंबर, अक्टूबर तक डेंगू का प्रकोप अधिक रहता है। शुरूआती दो तीन दिन तक तो जांच में पता ही नहीं चलता है। डेंगू में 3 से 7 दिन अधिक गंभीर होते हैं। प्लेटरेट्स में तेजी से गिरावट होती है। हांलाकि डेंगू के कारण मौत तुलनात्मक रुप से कम है पर डेंगू का प्रभाव क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में एंटीडेंगू मच्छर शुभ संकेत माने जा सकते हैं। डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए देश में ड्रोन का प्रयोग अधिक उपयोगी सिद्ध हो सकता है। इंदौर में डेंगू मच्छरों को नष्ट करने के लिए ड्रोन के उपयोग का निर्णय किया गया है। देश के अन्य हिस्सों में भी ड्रोन का उपयोग प्रयोग के रुप में किया जाने लगा है। सवाल साफ है कि डेंगू के प्रकोप को चुनौती के रुप में लेते हुए सरकार को ठोस प्रयास करने होंगे। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकारी और गैरसरकारी सभी संस्थाओं को

राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर प्रारंभ

भिलाईनगर। इंडियन रेडक्रास सोसयटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर का आयोजन दिनांक 18 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक किया जा रहा है। जम्बुरी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी आयुक्त नगर निगम भिलाई बजरंग दुबे द्वारा शिविर स्थल भारती विश्वविद्यालय पुलगांव दुर्ग शहर में व्यवस्थाओ को संपादित करवाया जा रहा है। इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि जम्बुरी में सभी आवश्यकताओ की प्रतिपूर्ति समय अनुसार की जा सके। भिलाई नगर निगम द्वारा प्रमुख रूप से जम्बुरी स्थल स्थल पर पीने के पानी, जम्बुरी स्थल, एरिना, स्नान गृह महिला एवं पुरूष के लिए प्रतिदिन 2 टेंकर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। शौचालय की साफ-सफाई व्यवस्था हेतु 10 से 12 महिला सफाई कर्मीयों को सुबह 6:00 बजे से 2:00 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। जिसका मॉनिटरिंग निगम के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली द्वारा की जा रही है। निकायों को जम्बुरी को सफलता पूर्वक आयोजन करने हेतु विभिन्न दायित्वों को दिया गया है। जिनके द्वारा कार्यो को संपादित किया जा रहा है।

बच्चों के व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता में : लक्ष्मी राजवाड़े

बच्चों के सही पोषण और देखरेख के लिए उमंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रायपुर (दैनंदिनी)। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता सभी बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है, इसमें वे बच्चे भी शामिल है, जिन्हें विभिन्न कारणों से संस्थाओं में रहना पड़ रहा है। संस्थाएं उन बच्चों का घर नहीं है। उन्होंने कहा कि वास्तव में किसी व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास परिवार और समाज के बीच रहकर ही हो सकता है। इसे ध्यान में रखकर किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 में गैर संस्थागत देखरेख का समावेश किया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने आज रायपुर के स्थानीय होटल में आयोजित पोषण देखरेख कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु राज्य स्तरीय पोषक परिवार सम्मेलन एवं पोषक परिवार नेटवर्क पर कार्यशाला उमंग का शुभारंभ किया। इस कार्यशाला में देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के पुनर्वास और उन्हें समाज की मुख्य धारा में शामिल करने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में पोषण देखरेख ब्रोशर का विमोचन एवं वीडियो जारी की गई। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने पोषण देखरेख (फॉस्टर केयर) कर रहे पोषक परिवारों को भी सम्मानित किया। इस कार्यशाला का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यूनिसेफके सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम के दौरान श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में विभाग ने महिलाओं एवं बच्चों के लिये अनेकों कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्ग बच्चों को विकास के अवसर देने से प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं और अपने समाज और प्रदेश का नाम गौरवान्वित कर सकते हैं। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि पोषण देखरेख (फॉस्टर केयर) संस्था के बाहर बच्चों की देखरेख का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। ''मिशन वात्सल्य'' के तहत जरूरतमंद और संरक्षण वाले बच्चों को पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए गैर नातेदार परिवार में अस्थाई देखरेख और संरक्षण की व्यवस्था की जाती है। इससे पोषक परिवार में जहां उत्साह, उमंग का संचार होता है। वहीं बच्चों को समुचित विकास का पूरा मौका मिलता है। इन बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये प्रत्येक नागरिक को संवेदनशील और सहयोगी होना होगा। उन्होंने अपील कि है कि समाज के सभी वर्ग, स्वयं-सेवी संस्थाएं, सरकार के साथ बच्चों को पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराने और उनके विकास के अवसर उपलब्ध कराने एकजुट होना होगा, जिससे एक योग्य नागरिक और सशक्त भारत का निर्माण हो सके।

महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उल्लास, उम्मीद, उजियार, उमंग और उदय कार्यक्रम पर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य में 112 बाल देखरेख संस्थायें संचालित हैं, जिनमें से 33 विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों में 125 बच्चे निवासरत हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 56 बच्चों को विभिन्न परिवारों में दत्तक ग्रहण के माध्यम से पुर्नवासित किया है। 76 बाल देखरेख संस्थाओं में 2112 बच्चें निवासरत हैं, इनमें 61 बच्चे पोषण देखरेख कार्यक्रम हेतु चिन्हांकित किए गए हैं। राज्य में 22 बच्चें पोषण देखरेख कार्यक्रम अंतर्गत निवास कर रहे है एवं प्रवर्तकता (स्पॉन्सरशिप) कार्यक्रम के अन्तर्गत 1080 बच्चों को लाभ दिलाया जा रहा है। कार्यक्रम में संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री तूलिका प्रजापति, बाल संरक्षण विशेषज्ञ यूनिसेफ दिल्ली श्री प्रभात कुमार, श्री नंदलाल चौधरी संयुक्त संचालक, सुश्री वसुंधरा, सुश्री बिभूति दुग्गर, श्री रामशरण चौकसे सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं पोषक परिवार उपस्थित थे।

चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई सेक्टर प्रभारियों की बैठक

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपनिर्वाचन

रायपुर (दैनंदिनी)। आगामी 13 नवंबर को होने वाले रायपुर दक्षिण विधानसभा उपनिर्वाचन की तैयारियों को लेकर आज सेक्टर प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि विधानसभा क्षेत्र को 38 सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा, जबकि पिछले लोकसभा चुनाव में केवल 19 सेक्टर बनाए गए थे। बैठक का आयोजन कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सोसायटी में आयोजित किया गया। इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की परेशानी को रोकना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर

यह कदम उठाया गया है। बैठक में सभी सेक्टर प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें और उनकी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। साथ ही, मतदान के दौरान आने वाले मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इस पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। चुनाव के सफल आयोजन के लिए सभी सेक्टर प्रभारियों ने कहा कि वे पूरी तैयारी करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि मतदान प्रक्रिया निर्बाध एवं सुगम हो। इस बैठक के माध्यम से चुनाव की तैयारियों को और अधिक मजबूत किया गया है, ताकि मतदाता बिना किसी परेशानी के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। बैठक में सहायक कलेक्टर श्रीमती अनुपमा आनंद और जिला रोजगार अधिकारी श्री केदार पटेल के अलावा अन्य सेक्टर प्रभारी भी मौजूद थे।

नामांकन के पहले दिन 8 आवेदन खरीदे गए

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के लिए 70 हजार रूपए के 8 नामांकन आवेदन खरीदे गए। नामांकन आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। 28 अक्टूबर को नामांकन की सवीक्षा की जाएगी। 30 अक्टूबर को उम्मीदवारी वापस ले सकते है।

19 वार्डों का निर्वाचक नामावली कार्यक्रम स्थगित

रायपुर दक्षिण विधानसभा क्रमांक-51 उप निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए मतदाताओं में किसी प्रकार के भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो, इस कारण से आयोग के सहमति से नगर पालिका रायपुर के विधानसभा दक्षिण-51 के अंतर्गत आने वाले वार्डो क्रमांक 42 से 47 तथा 56 से 68 तक कुल 19 वार्डों का निर्वाचक नामावली कार्यक्रम को 14 नवम्बर 2024 तक स्थगित किया गया है।

बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेला में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

मशहूर भजन गायक हंसराज रघुवंशी ने अपनी सुरमयी प्रस्तुति से जीता सभी का दिल

रायपुर (दैनंदिनी)। बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेला के अवसर पर लालबाग मैदान, बस्तर में गुरुवार की शाम भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मशहूर भजन गायक हंसराज रघुवंशी ने अपनी सुरमयी प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। हजारों की संख्या में उपस्थित दर्शकों ने इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। हंसराज रघुवंशी, जिनकी गाथा गीतों और भजनों के लिए विशेष पहचान है, ने अपनी धुनों और भक्ति रस से सराबोर गीतों से पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। उन्होंने अपनी प्रसिद्ध गीत ÷मेरा भोला है भंडारी÷ के साथ एक के बाद एक लोकप्रिय भजन प्रस्तुत किए, जिनमें जय शिव शंकर, मेरे भोलेनाथ और अन्य कई प्रसिद्ध गीत शामिल थे। रघुवंशी ने अपनी प्रस्तुति के दौरान दर्शकों से गीत में सहयोग और तालियों से सहभागिता की अपील की, तो दर्शकों ने भी बराबर सहायता की। कार्यक्रम में नारायणपुर के प्रसिद्ध अबुझमाड मलखंभ अकादमी के हुनरबाज मलखंभ प्रदर्शन, बादल अकादमी की प्रस्तुति सहित स्थानीय लोकनृत्य दलों ने भी प्रस्तुति दी। दर्शकों की हजारों की संख्या में पहुँचने वाले बस्तरवासियों के साथ ही समीपवर्ती जिलों और ओड़िसा राज्य के भी जन पहुँचे थे। शासन और जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस बस्तर मड़ई और

सरस मेला क्षेत्र भी चहल-पहल से भरा रहा, जहां विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी तथा स्व-सहायता समूहों के उत्पाद और हस्तशिल्प के स्टॉल ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। मेला में आई भीड़ ने न केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया, बल्कि बस्तर की समृद्ध लोक संस्कृति और शिल्प का भी अनुभव किया। बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेला का यह आयोजन प्रदेश एवं अन्य राज्य की संस्कृति, परंपरा और कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। हंसराज रघुवंशी जैसे कलाकारों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया। शुक्रवार 18 अक्टूबर की शाम को दायरा बैंड की प्रस्तुति होगी और 19 अक्टूबर को 'मोह मोह के धागे' गीत से राष्ट्रीय फिल्म पुरुस्कार से सम्मानित पार्श्व गायिका मोनाली ठाकुर और गायक शबाब सबरी की प्रस्तुति होगी। साथ ही स्थानीय लोकनृत्य दलों द्वारा भी शानदार प्रस्तुति दी जाएगी।

कार्यक्रम के अंत में दर्शकों ने हंसराज रघुवंशी को अपनी प्रस्तुति के लिए धन्यवाद दिया और आयोजक छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन को इस अद्भुत सांस्कृतिक उत्सव के आयोजन के लिए सराहा। जिला प्रशासन द्वारा गायक श्री रघुवंशी को स्मृति स्वरूप बस्तर मड़ई का प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री महेश कश्यप, कलेक्टर श्री हरिस एस, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

अबिनाश मिश्रा ने आईटीएमएस सिग्नल्स और कैमरों के संचालन के संबंध में ली बैठक

रायपुर (दैनंदिनी)। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा ने एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली (आईटीएमएस) के अंतर्गत शहर के चौक-चौराहों पर लगे रोड सिग्नल्स व कैमरों का प्रचालन दुरूस्त रखने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में नगर निगम के जोन अधिकारी रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, जलापूर्ति, सूचना प्रौद्योगिकी, अमृत मिशन के प्रभारी व एलएंडटी समूह के प्रतिनिधि शामिल थे। श्री मिश्रा के निर्देश पर कल ही यातायात पुलिस, नगर निगम व स्मार्ट सिटी ने इन कैमरों व सिग्नल्स की संयुक्त टीम बनाकर जांच की थी, जिसके आधार पर आज बैठक में संबंधितों को सीधे निर्देश दिए गये। बैठक में रायपुर स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल भी शामिल रहे। एम.डी. श्री मिश्रा ने कहा कि चौक-चौराहों में लगे सिग्नल व कैमरे निरंतर कार्यशील रहे यह सुनिश्चित करने का दायित्व सभी विभाग आपसी समन्वय से सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि आवश्यक निर्माण कार्यों के कारण 8 सिग्नल व 12 कैमरे इस समय बंद हैं, श्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 7 दिवस के भीतर निर्माण संबंधी कार्य पूर्ण कर इन्हें कार्यशील करें। उन्होंने यह भी कहा कि पारस्परिक समन्वय से जिम्मेदारी तय करें एवं संबंधित जोन भी इस प्रणाली की सतत् निगरानी करें। श्री मिश्रा के निर्देश पर अंतर विभागीय टीम हर सप्ताह प्रचालन का निरीक्षण कर संबंधित विभागों से अपनी रिपोर्ट साझा कर रही है। ज्ञातव्य है कि आईटीएमएस प्रणाली के तहत् शहर में वर्तमान में 470 कैमरे व 50 आईटीएमएस सिग्नल्स कार्यरत है। इन सिग्नल्स का संचालन यातायात पुलिस के निर्देश पर हो रहा है, इनमें से 10 सिग्नल यातायात पुलिस की निगरानी में ब्लिंकर्स मोड पर संचालित हैं।

निर्वाचक नामावली की शुद्धता सुनिश्चित करने ग्राम सभाओं का आयोजन करें:अजय सिंह

रायपुर। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंहराज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह ने निर्वाचक नामावली की प्रविष्टियों की शुद्धता सुनिश्चित करने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को ग्राम सभाओं का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं ।उन्होंने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिये प्रदेश में ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। पुनरीक्षण कार्य हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायतों में निर्वाचक नामावली निरीक्षण के लिये दिनांक 24/10/2024 से 29/10/2024 तक का समय निर्धारित किया गया है। राजा निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह ने बताया कि 26 एवं 27 अक्टूबर को प्रत्येक ग्राम पंचायत में सभाओं का आयोजन किया जाकर संबंधित ग्राम पंचायत की निर्वाचक नामावली का पठन किया जावेगा। पठन के दौरान निर्वाचक नामावली के संबंध में जानकारी प्राप्त कर मतदातागण दावा आपत्ति भी प्रस्तुत कर सकेंगे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया 5.74 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

सीसी रोड, नाली, गार्डन निर्माण और पाइपलाइन विस्तार जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट कवर्धा की बुनियादी सुविधाओं को बनाएगा सशक्त : विजय शर्मा

कवर्धा (दैनंदिनी)। कवर्धा शहर को विकास की नई दिशा देते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज नगरवासियों को एक बड़ी सौगात दी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने 5 करोड़ 75 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन कर, शहर के भविष्य को और सुदृढ़ बनाने की पहल की। इन कार्यों में गार्डन निर्माण, सीसी सड़क और नाली निर्माण, तथा पाइपलाइन विस्तार जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल हैं, जो कवर्धा की बुनियादी सुविधाओं को और सशक्त बनाएंगे। उन्होंने करपात्री स्कूल के सामने गार्डन निर्माण के लिए 50 लाख रुपये, विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क और नाली निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपये, और पाइपलाइन विस्तार के लिए 1 करोड़ 99 लाख रुपये और 25 लाख रुपये की लागत से शिवाजी महाराज की प्रतिमा का का भूमिपूजन किया। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि कवर्धा में तेजी से बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गार्डन, सीसी सड़क, नाली निर्माण और पाइपलाइन विस्तार जैसे कार्यों से

शहर का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा। इन परियोजनाओं से न केवल यातायात और जल निकासी की समस्याओं का समाधान होगा, बल्कि शहर का सौंदर्य भी निखरेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विष्णुदेव साय सरकार की प्राथमिकता हर नागरिक तक विकास की सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का मुख्य उद्देश्य विकास के कार्यों का लाभ शहर के हर नागरिक तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि कवर्धा को आधुनिक और सुसज्जित शहर बनाने की दिशा में यह सिर्फ एक शुरुआत है। आने वाले समय में और भी बड़े प्रोजेक्ट्स शुरू किए जाएंगे, जिससे यहां के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी और शहर की समृद्धि में वृद्धि होगी। उन्होंने जनता से भी अपील की कि इन विकास कार्यों को सफल बनाने में सहयोग करें ताकि शहर का भविष्य और उज्ज्वल हो सके। इस अवसर पर इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव श्री मोतीराम चन्द्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री मनहरण कौशिक, श्री कैलाश चंद्रवंशी, श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री जमील ख़ान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री अनिल ठाकुर, श्री राजेंद्र सलूजा, जनपद उपाध्यक्ष श्री वीरेंद्र साहू, श्री सतीस चन्द्रवंशी, पार्षद श्री उमंग पांडेय, श्री पवन जायसवाल, श्री सुनील साहू, श्री सुनील साहू, रिंकेश वैष्णव, श्री चुनवा ख़ान, श्री मनीराम साहू, श्री हेमचन्द चन्द्रवंशी, श्रीमती मधु तिवारी, श्रीमती विजय लक्ष्मी तिवारी, श्री सुनील दोषी, श्री विजय पाली, श्री पन्ना चन्द्रवंशी, री रामकुमार ठाकुर, श्री खिलेश्वर साहू, श्री मनोज गुप्ता, श्री नवीन ठाकुर, श्री राजा टाटिया सहित जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

रोहित शर्मा ने दिग्गज बल्लेबाज को पछाड़ा

नई दिल्ली : बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की पहली पारी तीसरे दिन 402 रन पर सिमट गई. न्यूजीलैंड के लिए रचिन रवींद्र ने 134 अंक और डेवोन कॉनवे ने 91 अंक बनाए। टिम साउदी ने 65 रनों की शानदार पारी खेली. इससे पहले न्यूजीलैंड ने पहले दिन भारत को 46 रनों से हराया था. टीम इंडिया ने पहली पारी की निराशा को पीछे छोड़ते हुए दूसरी पारी में बेहतर शुरुआत की. कप्तान रोहित शर्मा और यशस्वी जयसवाल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी की. जयसवाल ने 35 रन की पारी खेली जिसमें उन्होंने 6 चौके लगाए. इसके बाद रोहित शर्मा ने विराट कोहली के साथ पारी को संभाला और अपना अर्धशतक पूरा किया। रोहित ने 52 रन की पारी खेली. उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया. इस तरह उन्होंने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप यानी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में शानदार मुकाम हासिल कर लिया है.

डब्ल्यूटीसी 2023-25। अपने अर्धशतक के साथ, रोहित शर्मा ने मौजूदा विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में न्यूजीलैंड के महान बल्लेबाज केन विलियमसन को हरा दिया। रोहित शर्मा के अब 12 मैचों की 22 पारियों में 796 रन हैं। वहीं, केन विलियमसन के नाम 8 मैचों की 16 पारियों में 757 रन हैं। इस मैच में रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज से 15 रन पीछे थे, लेकिन पहली पारी में दो रन और दूसरी पारी में अर्धशतक बनाने के बाद भारतीय कप्तान ने बढ़त ले ली।

भारत ने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को बुरी तरह रौंदा

बाला देवी ने रचा इतिहास

भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने सैफ महिला चैंपियनशिप में अपने अभियान की धमाकेदार शुरुआत की और चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5-2 से मात दी। भारत की तरफ से बाला देवी ने कीर्तिमान स्थापित करते हुए 50वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा। इसके अलावा ग्रेस डांगमी ने दो गोल दागे। भारतीय टीम अब ग्रुप ए में अपने अगले मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगी।

नई दिल्ली : भारतीय महिला सीनियर फुटबॉल टीम ने सैम महिला चैंपियनशिप 2024 में अपने अभियान की धमाकेदार शुरुआत की। दशरथ स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में भारत ने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5-2 से धोया। संतोष कश्यप के नेतृत्व वाली भारतीय टीम की शानदार शुरुआत रही, जिसका लक्ष्य क्षेत्रीय खिताब बरकरार रखना है।

भारतीय टीम ने मैच में पांचवें मिनट में बढ़त हासिल की जब ग्रेस डांगमी ने दमदार किक के जरिये गोल दागा। इसके बाद 17वें मिनट में भारत ने अपनी बढ़त दोगुनी की। नगांगोम बाला देवी के पास पर मनीषा कल्याण ने शानदार गोल दागा।

कीर्तिमानों से भरा मुकाबला

भारतीय टीम की कई खिलाड़ियों के लिए यह मुकाबला शानदार रहा क्योंकि उन्होंने कीर्तिमान हासिल किए। कप्तान लोईतोंगबम आशालता देवी ने 100वां मैच खेला। वह टीम में डिफेंडर की भूमिका निभाती हैं। वहीं, बाला देवी ने मैच में अपने करियर का 50वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा। वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाली भारत की पहली महिला फुटबॉलर बनीं।

डांगमी ने किया प्रभावित

भारत की ग्रेस डांगमी ने गजब का प्रदर्शन करते हुए मैच में दो गोल दागे, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने पहला गोल रंजना चानू के पास पर शानदार तरीके से किया। इसके बाद 38वें मिनट में उन्होंने मैच में अपना दूसरा गोल दागा।

बाला देवी पूरे मैच में विरोधी टीम के लिए खतरा बनी रही। उन्होंने 35वें मिनट में गोल दागकर इतिहास रचा तो मनीषा को सहायक बनकर गोल दागने में मदद की। बाला देवी के फ्री-किक ने पाकिस्तानी गोलकीपर को असहाय कर दिया।

पाकिस्तान ने भी दागे दो गोल

भारतीय टीम का पूरे मैच में दबदबा बरकरार रहा। स्थानापन्न खिलाड़ी ज्योति चौहान ने 68वें मिनट में गोल दागा। उन्होंने दलीमा छिब्बर द्वारा कॉर्नर पर बेहतरीन टैकल किया और पाकिस्तानी गोलकीपर के पास से गेंद को जाली में भेदा। पाकिस्तान ने मैच में दो गोल जरूर दागे, लेकिन भारत के सामने उसकी एक नहीं चली।

भारत का रिकॉर्ड बरकरार

इस जीत के साथ ही भारतीय टीम का पाकिस्तान के खिलाफ शानदार रिकॉर्ड बरकरार रहा। भारत ने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को चार मैचों में चार शिकस्त दी। भारतीय टीम ने अपना दबदबा कायम रखते हुए खिताब को बचाने के संकेत दे दिए हैं। भारतीय टीम का ग्रुप ए में अगला मुकाबला बांग्लादेश से होगा।

वाचिएर-लाग्रेव को हराकर एरिगैसी ने डब्ल्यूआर शतरंज मास्टर्स का खिताब जीता

नई दिल्ली : वाचिएर-लाग्रेव ने फाइनल में विश्व रैंकिंग में चौथे पायदान पर काबिज एरिगैसी को कड़ी टक्कर दी लेकिन 'आर्मागेडन गेम' में पिछड़ गये। इस जीत के साथ एरिगैसी 2800 ईएलओ रेटिंग हासिल करने के करीब पहुंच गये हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने डब्ल्यूआर शतरंज मास्टर्स के फाइनल में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को हराकर खिताब अपने नाम किया।

एरिगैसी ने क्लासिक शतरंज में दो ड्रॉ मुकाबलों के बाद 'आर्मागेडन गेम' में फ्रांस के खिलाड़ी को पछाड़ा। एरिगैसी ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान लय बरकरार रखते हुए शानदार खेल दिखाया। उन्होंने इस जीत से पुरस्कार के तौर पर 20000 यूरो (लगभग 18.23 लाख रुपये) हासिल किये। उन्होंने इस नॉक आउट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपने दोस्त आर प्रज्ञानानंदा को शिकस्त दी थी।

सोलह खिलाड़ियों के टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में एरिगैसी ने इंग्लैंड की नौ साल खिलाड़ी शिवानंदा बोधाना को शिकस्त दी। शिवानंदा हाल ही शतरंज ओलंपियाड का हिस्सा बनने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं थी। एरिगैसी ने इसके बाद अगले दो दौर में क्रमशः विदित गुजराती और प्रज्ञानानंदा को एक समान 1.5-0.5 के अंतर से हराया।वाचिएर-लाग्रेव ने फाइनल में विश्व रैंकिंग में चौथे पायदान पर काबिज एरिगैसी को कड़ी टक्कर दी लेकिन 'आर्मागेडन गेम' में पिछड़ गये। इस जीत के साथ एरिगैसी 2800 ईएलओ रेटिंग हासिल करने के करीब पहुंच गये हैं।

न्यूजीलैंड ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली : भारत और न्यूजीलैंड के बीच बंगलूरू में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में टीम इंडिया की पहली पारी 46 रन पर सिमट गई थी। इसके बाद कीवी टीम ने शानदार बैटिंग करते हुए भारत पर 299 रन की लीड ले ली है। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए हैं। खबर लिखे जाने तक तीसरे दिन लंच तक न्यूजीलैंड ने सात विकेट गंवाकर 345 रन बना लिए हैं। रचिन रवींद्र ने टेस्ट करियर का दूसरा शतक जड़ा। वहीं, डेवोन कॉन्वे ने 91 रन की पारी खेली। दरअसल, न्यूजीलैंड की टीम 2012 के बाद से भारत के खिलाफ उसके घर में पहली पारी में 200 से ज्यादा रन की लीड लेने वाली पहली टीम बन गई है। इससे पहले दिसंबर 2012 में इंग्लैंड ने कोलकाता के ईडन गार्डेन्स में भारत पर पहली पारी में 207 रन की लीड ली थी। इंग्लैंड ने वह मैच सात रन से जीता था।

तब भारत ने पहली पारी में 316 रन बनाए थे और जवाब में इंग्लिश टीम ने 523 रन बनाए थे। भारत की दूसरी पारी 247 रन पर सिमट गई थी। इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 41 रन बनाकर मैच जीत लिया था।

वहीं, न्यूजीलैंड की टीम जनवरी 2012 के बाद से भारत के खिलाफ किसी भी टेस्ट मैच में पहली पारी में 200 से ज्यादा रन की लीड लेने वाली दूसरी टीम है। पिछली बार दिसंबर 2012 में कोलकाता में इंग्लैंड ने ही ऐसा किया था। इन दोनों के अलावा पिछले लगभग 13 साल में भारत के खिलाफ कहीं भी और किसी भी टेस्ट में पहली पारी में 200 से ज्यादा रन की लीड नहीं मिली थी। न्यूजीलैंड की टीम साल 2000 के बाद भारत में भारत के खिलाफ 200+ रन की लीड लेने वाली चौथी टीम है। इससे पहले तीन टेस्ट में से भारत को दो में हार का सामना करना पड़ा था। 2008 में दक्षिण अफ्रीका ने अहमदाबाद में 418 रन की लीड ली थी। यह टेस्ट भारत हार गया था। 2009 में श्रीलंका ने अहमदाबाद में 334 रन की बढ़त ली थी और भारतीय टीम वह मैच भी हार गई थी। इसके बाद 2012 में भारत को इंग्लैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। यानी भारत ने पिछले 24 साल में अपने घर में 200+ रन की लीड देने के बाद कभी टेस्ट नहीं जीता है।

44 महीने बाद पाकिस्तान ने अपने घर में जीता टेस्ट

इस टेस्ट के लिए टीम में शामिल किए गए स्पिनर नोमान अली ने दूसरी पारी में आठ विकेट झटके। उन्होंने मैच में कुल 11 विकेट लिए और अपनी उपयोगिता साबित की।

नई दिल्ली : पाकिस्तान ने मुल्तान में खेले गए दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 152 रन से हरा दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 366 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 291 रन पर सिमट गई थी। पाकिस्तान ने 75 रन की बढ़त हासिल की थी। पाकिस्तान ने अपनी दूसरी पारी में 221 रन बनाए और 296 रन की बढ़त हासिल की। 297 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की दूसरी पारी 144 रन पर सिमट गई। इस टेस्ट के लिए टीम में शामिल किए गए स्पिनर नोमान अली ने दूसरी पारी में आठ विकेट झटके। उन्होंने मैच में कुल 11 विकेट लिए और अपनी उपयोगिता साबित की। तीन मैचों की टेस्ट सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर हो गई है। तीसरा और निर्णायक टेस्ट मुकाबला 24 अक्तूबर से रावलपिंडी में खेला जाएगा। पाकिस्तान की टीम 44 महीने बाद अपने घर में कोई टेस्ट मैच जीती है। उसने अपने घर में पिछला टेस्ट फरवरी 2021 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रावलपिंडी में जीता था। तब पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को 95 रन से हराया था। इसके बाद टीम ने 12 टेस्ट खेले हैं। इसमें से पाकिस्तान टीम को एक में जीत मिली है। चार टेस्ट ड्रॉ रहे और सात में पाकिस्तान की टीम को हार का सामना करना पड़ा है।

पाकिस्तान की टीम ने इस टेस्ट के लिए कड़े फैसले लिए थे

पाकिस्तान की टीम ने इस टेस्ट के लिए कड़े फैसले लेते हुए कई बड़े बदलाव किए थे। इनमें बाबर आजम, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को बाहर बैठाना शामिल था। इसका फायदा टीम को हुआ और नए खिलाड़ियों ने पाकिस्तान की जबरदस्त वापसी में मदद की है। बाबर की जगह रिप्लेसमेंट के तौर पर आए कामरान गुलाम ने पहली पारी में शतक जमाया तो स्पिनर साजिद खान ने इंग्लैंड को पहली पारी में सात झटके दिए। दूसरी पारी में नोमान अली की स्पिन गेंदों का कहर बरपा और उन्होंने आठ विकेट लिए।

इंग्लैंड की दूसरी पारी

297 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 144 रन पर सिमट गई। जैक क्राउली तीन रन, ओली पोप 22 रन, जो रूट 18 रन, हैरी ब्रूक 16 रन, कप्तान बेन स्टोक्स 37 रन, जेमी स्मिथ छह रन, ब्राइडन कार्स 27 रन और जैक लीच एक रन बनाकर आउट हुए। बेन डकेट और शोएब बशीर तो खाता भी नहीं खोल सके। पाकिस्तान के लिए इस पारी में सिर्फ दो स्पिनरों ने गेंदबाजी की। साजिद ने दो विकेट लिए और नोमान को आठ विकेट मिला।

पाकिस्तान की दूसरी पारी

इससे पहले पाकिस्तान की दूसरी पारी 221 रन पर समाप्त हुई थी। अब्दुल्लाह शफीक ने चार रन, सैम अयूब ने 22 रन, शान मसूद ने 11 रन, कामरान गुलाम ने 26 रन, सउद शकील ने 31 रन और मोहम्मद रिजवान ने 23 रन की पारी खेली थी। अगा सलमान ने सबसे ज्यादा 63 रन बनाए थे। अपनी पारी में उन्होंने पांच चौके और एक छक्के लगाया था। आमिर जमाल एक रन, नोमान अली एक रन और साजिद खान 22 रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड की ओर से शोएब बशीर ने चार विकेट और जैक लीच तीन विकेट लिए। वहीं, ब्राइडन कार्स को दो विकेट मिले। मैथ्यू पॉट्स ने एक विकेट मिला।

इंग्लैंड की पहली पारी

इससे पहले इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 291 रन बनाए थे। बेन डकेट ने 114 रन की पारी खेली थी। वहीं, जैक क्राउली 27 रन, पोप 29 रन, रूट 34 रन, ब्रूक नौ रन और स्टोक्स एक रन बनाकर आउट हुए थे। जेमी स्मिथ ने 21 रन और कार्स ने चार रन बनाए थे। पॉट्स छह रन और बशीर नौ रन बनाकर आउट हुए थे। लीड 25 रन बनाकर नाबाद रहे थे। पाकिस्तान की ओर से 31 साल के साजिद ने सात विकेट लिए, जबकि नोमान को तीन विकेट मिले थे।

पाकिस्तान की पहली पारी

पाकिस्तान ने पहली पारी में 366 रन बनाए थे। शफीक सात और कप्तान मसूद तीन रन बनाकर सस्ते में आउट हो गए थे। इसके बाद सैम अयूब और कामरान गुलाम ने तीसरे विकेट के लिए 149 रन की साझेदारी निभाई थी। अयूब 77 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, डेब्यूटांट गुलाम ने 224 गेंद में 11 चौके और एक छक्के की मदद से 118 रन की पारी खेली। शकील चार रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं, रिजवान ने 41 रन, सलमान ने 31 रन और आमिर जमाल ने 37 रन बनाए। साजिद दो रन और नोमान 32 रन बनाकर पवेलियन लौटे थे। इंग्लैंड की ओर से जैक लीच ने चार और ब्राइडन कार्स ने तीन विकेट लिए थे। मैथ्यू पॉट्स को दो विकेट मिले, जबकि बशीर ने एक विकेट लिया।

व्यापार

जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली : जेएसडब्ल्यू एनर्जी लिमिटेड की दो सहायक कंपनियों ने महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) के साथ बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए, कंपनी ने शुक्रवार को एक फाइलिंग में एक्सचेंज को सूचित किया। कंपनी के बयान के अनुसार, जेएसडब्ल्यू एनर्जी लिमिटेड की स्टेप-डाउन सहायक कंपनियों, जेएसडब्ल्यू रिन्यू एनर्जी सिक्स लिमिटेड और जेएसडब्ल्यू रिन्यू एनर्जी थर्टी लिमिटेड ने 1,200 मेगावाट की संयुक्त क्षमता वाली सौर-पवन हाइब्रिड परियोजनाओं के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें दो परियोजनाएं शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक 600 मेगावाट की है।

कंपनी को 29 अगस्त, 2024 और 10 सितंबर, 2024 को प्राप्त हुए।' इस विकास के साथ, जेएसडब्ल्यू एनर्जी अपने अक्षय ऊर्जा पोर्टफोलियो का विस्तार करना जारी रखती है। कंपनी के पास वर्तमान में 8.3 जीडब्ल्यू की परियोजना पाइपलाइन है, जिसमें से 4.4 जीडब्ल्यू क्षमता के लिए पीपीए पर हस्ताक्षर किए गए हैं। अपनी दीर्घकालिक रणनीति के हिस्से के रूप में, जेएसडब्ल्यू एनर्जी का लक्ष्य 2030 तक अपनी कुल बिजली उत्पादन क्षमता को 20 जीडब्ल्यू और ऊर्जा भंडारण क्षमता को 40 जीडब्ल्यूएच तक बढ़ाना है। वर्तमान में, जेएसडब्ल्यू एनर्जी की लॉक-इन उत्पादन क्षमता कुल 18.2 जीडब्ल्यू है। इसमें 7.7 जीडब्ल्यू की परिचालन क्षमता और 2.1 जीडब्ल्यू निर्माणाधीन क्षमता शामिल है, जो पवन, तापीय और जल ऊर्जा परियोजनाओं में फैली हुई है। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों और हाइड्रो पंप स्टोरेज परियोजनाओं के संयोजन के माध्यम से 16.2 गीगावॉट ऊर्जा भंडारण क्षमता को लॉक कर लिया है।

नाओं के लिए लेटर ऑफ अवार्ड क्रमशः



गवर्नर : आरबीआई पुलिस नहीं; यह वित्तीय बाजार पर निगरानी रखता है और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई करता है

आरबीआई गवर्नर दास ने कहा कि यह भारत का समय है, भारत की विकास गाथा अक्षुण्ण है। मुद्रास्फीति अब लक्ष्य सीमा के काफी भीतर आ गई है। इसके और कम होने की उम्मीद है।

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक पुलिस की तरह काम नहीं करता है, बल्कि वह वित्तीय बाजार पर कड़ी निगरानी रखता है और जब भी जरूरी होता है, नियामकीय कार्रवाई करता है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में यह बात कही।

केंद्रीय बैंक की ओर से सचिन बंसल की नवी फिनसर्व और तीन अन्य एनबीएफसी को 21 अक्टूबर की कारोबार समाप्ति से ऋण स्वीकृत करने और वितरित करने से रोकने के निर्देश देने के एक दिन बाद, गवर्नर ने यह टिप्पणी की।

ब्लूमबर्ग की ओर से आयोजित इंडिया क्रेडिट फोरम में दास ने कहा, 'नहीं...हम पुलिसकर्मी नहीं हैं। हम वित्तीय बाजार की निगरानी करते हैं। हम बहुत बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। हम ऋण बाजारों पर निगरानी रखते हैं और...जब जरूरी हो जाता है, हम कार्रवाई करते हैं।'

आरबीआई गवर्नर दास ने कहा कि यह भारत का समय है, भारत की विकास गाथा अक्षुण्ण है। मुद्रास्फीति अब लक्ष्य सीमा के काफी भीतर आ गई है। इसके और कम होने की उम्मीद है।उन्होंने कहा कि वास्तव में इसमें महत्वपूर्ण जोखिम हैं, और आरबीआई विकास और मुद्रास्फीति दोनों के संबंध में समग्र दृष्टिकोण की निगरानी करने के प्रति बहुत सावधान है।

ब्याज दरों में कटौती फिलहाल जोखिम भरा होगा

ब्याज दरों में कटौती की संभावना पर आरबीआई गवर्नर ने कहा कि ऐसा करना बहुत ही अपरिपक्व और बहुत बहुत जोखिम भरा होगा। खुदरा महंगाई अब भी बहुत अधिक है और भविष्य की मौद्रिक नीति आय के आंकड़े और बाजार के आउटलुक पर निर्भर रहेगी। इसी महीने मौद्रिक नीति समिति ने अपनी तीन दिवसीय बैठक के बाद नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखने का फैसला किया था। हर दो महीने पर के अंतराल पर होने वाली मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक दिसंबर में होगी। इसके फैसले का एलान गवर्नर 06 दिसंबर को करेंगे।

सन्नाबियाम में नुकला के नाम पर एक बड़ा खाका तैयार

तेलंगाना: मिलर्स ने सन्नाबियाम में नुकला के नाम पर एक बड़ा खाका तैयार किया है। 100 किलो बारीक अनाज की पिसाई करने पर 58 किलो चावल और 9 किलो चावल मिलेगा। नियमानुसार खरीफ में 100 किलो अनाज की पिसाई करने पर 67 किलो चावल एफसीआई को सौंपना होता है। इस बार मिलर्स मिलिंग में अपना हाथ दिखाने को तैयार हैं, उन्हें उम्मीद है कि बड़ी मात्रा में बारीक अनाज (सन्नालु) क्रय केंद्रों तक पहुंचेगा। अब तक मिलर्स जो यह कहते रहे हैं कि रबी में आने वाले अनाज की पिसाई अगर कच्चे चावल में की जाए तो चावल का प्रतिशत बढ़ जाएगा। एक राय यह भी है कि खरीफ अनाज उत्पादन के बारे में पहले कभी एक शब्द भी न बोलने वाले मिलर्स 9 किलो कटे चावल का टेंडर लगाकर सरकार को शर्मिंदा करने की कोशिश कर रहे हैं। छोटे चावल का भाव प्रति किलो 50 रुपये है... 9 किलो के लिए 450 रुपये होंगे। एक क्विंटल बारीक अनाज के लिए सरकार किसान को 500 रुपए बोनस देगी...मिलिंग के नाम पर 500 रुपए...मिलिंग के नाम पर 450 रुपए... मिलर्स 450 रुपए का चावल डकारने की साजिश में लगे हैं। नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी इस बात से परेशान हैं कि उन्हें 9 किलो चावल के बदले चावल दिया जा रहा है। सरकार ने खरीफ सीजन में मिलर्स को अनाज आवंटन के लिए बैंक गारंटी लेने का फैसला किया है, जैसा कि अन्य राज्यों में किया जा रहा है। नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा तैयार दिशा-निर्देशों में इसे शामिल भी किया गया है। जबकि सरकार को इस पर आदेश जारी करना था, उसने मसौदे के साथ रुककर मंत्रियों की एक उप-समिति बना दी। चावल मिल की क्षमता के अनुसार आवंटित अनाज के मूल्य का 25 प्रतिशत बैंक गारंटी दी जानी चाहिए।

विलय के बाद भी विस्तारा के यात्रियों को मिलने वाला अनुभव जारी रहेगा, एयर इंडिया का आश्वासन

नई दिल्ली : विलय के बाद विस्तारा का यात्रा अनुभव नए उद्यम में भी जारी रहेगा, इस मसले पर एयर इंडिया ने एक बार फिर आश्वस्त किया है। एयर इंडिया दोहराया है कि विस्तारा की ओर से प्रदान किया गया अनुभव ग्राहकों के लिए आगे भी जारी रहेगा। एयर इंडिया के अनुसार विस्तारा की पहचान एक विशेष चार अंकों वाले एयर इंडिया कोड से होगी, जिसकी शुरुआत अंक '2' से होगी। एयर इंडिया और विस्तारा के विलय की प्रक्रिया 12 नवंबर को पूरी होने वाली है। इस बीच, एयर इंडिया ने साफ किया है कि विस्तारा के रूट्स और समय सारणी के साथ-साथ उड़ान के दौरान मिलने वाला उसका अनुभव आगे भी जारी रहेगा।

टाटा समूह के स्वामित्व वाले एयरलाइन ने बताया है कि विस्तारा के विमानों से संचालित उड़ानों का कोड 'एआई2' होगा। दोनों पूर्ण सेवा वाहकों का विलय 12 नवंबर को पूरा होने वाला है। इस विलय के बाद सिंगापुर एयरलाइंस की एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी हो जाएगी। विस्तारा टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस का संयुक्त उद्यम है।

विलय के बाद, एकीकृत इकाई के फ्रीक्वेंट फ्लायर कार्यक्रम जरिए एयर इंडिया के विंटेज 'महाराजा' को बरकरार रखा जाएगा। एयर इंडिया ने बयान में कहा, 'क्लब विस्तारा के मौजूदा सदस्यों को एयर इंडिया के फ्लाइंग रिटर्न्स कार्यक्रम में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। विलय के साथ, फ्लाइंग रिटर्न्स भी एक नए अवतार 'महाराजा क्लब' में बदल जाएगा। विलय के बाद विस्तारा का यात्रा अनुभव नए उद्यम में भी जारी रहेगा, इस मसले पर एयर इंडिया ने एक बार फिर आश्वस्त किया है। एयर इंडिया दोहराया है कि विस्तारा की ओर से प्रदान किया गया अनुभव ग्राहकों के लिए आगे भी जारी रहेगा। एयर इंडिया ने कहा कि विस्तारा की पहचान एक विशेष चार अंकों वाले एयर इंडिया कोड से होगी, जिसकी शुरुआत अंक '2' से होगी। बयान में कहा गया है, 'उदाहरण के लिए, यूके 955, 12 नवंबर के बाद एआई 2955 बन जाएगा, जिससे बुकिंग के समय ग्राहकों को उनकी पहचान करने में मदद मिलेगी।' इसके अलावा, एयर इंडिया ने कहा कि विस्तारा विमानों के संचालित मार्ग और समय सारणी वही रहेगी, साथ ही एयरलाइन का उड़ान के दौरान का अनुभव भी वही रहेगा, जिसमें विस्तारा विमान पर मेनू और कटलरी जैसे उत्पाद और सेवा शामिल हैं।

कुछ वर्गों में इस बात को लेकर चिंता है कि क्या विलय के बाद विस्तारा के यात्रियों को अभी जैसी ही सेवाएं मिलती रहेंगी, क्योंकि परिवर्तन के दौर से गुजर रही एयर इंडिया को हाल के दिनों में सेवा से जुड़ी कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एयर इंडिया ने 2 अक्टूबर को यह भी कहा कि विलय के बाद भी विस्तारा का अनुभव बरकरार रहेगा। बुधवार को विस्तारा के चेयरमैन भास्कर भट ने कहा कि एकीकृत इकाई दोनों एयरलाइनों की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करेगी और विस्तारा का स्वरूप कुछ समय तक बना रहेगा। नवंबर 2022 में घोषित एयर इंडिया-विस्तारा विलय में सिंगापुर एयरलाइंस भी विलय की गई इकाई में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक- ब्रजेश शुक्ला c/o के. के. शर्मा पत्रकार कॉलोनी, रिंग रोड नं.2 कस्तूरबा नगर बिलासपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित एवं दैनंदिनी प्रिन्टर्स 317/4 सरोना रायपुर से मुद्रित। फोन-0771-4059450, ईमेल-DAINANDINI@YAHOO.IN, MAIL2DAINANDINI@GMAIL.COM

कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने में देरी, 31 राईस मिलर्स की बैंक गारंटी होगी राजसात

कलेक्टर ने नान और एफसीआई में लक्ष्य के अनुरूप कम चावल जमा करने पर जताई कड़ी नराजगी

कवर्धा (दैनंदिनी)। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में खाद्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव और नान तथा एफसीआई में चावल जमा करने के संबंध में गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने अब तक जिले में धान के उठाव के अनुपात में लक्ष्य के अनुरूप नान और एफसीआई में जमा किए चावल की विस्तृत जानकारी ली।

कलेक्टर ने लक्ष्य के अनुरूप कम चावल जमा करने पर कड़ी नराजगी जाहिर की और 31 राईस मिलर्स को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा चावल जमा नहीं करने पर बैंक गारंटी राजसात करने के साथ राईस मिल को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले में नागरिक आपूर्ति निगम में शेष चावल को 1 सप्ताह के भीतर जमा करने के लिए समस्त राईस मिलर्स को निर्देशित किया। बैठक में बताया गया कि 31 राईस मिलर्स द्वारा 52 हजार 148 मी. टन चावल जमा करने का लक्ष्य है। इनके द्वारा 36 हजार 97 मी. टन चावल जमा किया गया है। 16 हजार 50 मी. टन चावल जमा करना शेष है।

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कहा कि जिले में धान का उठाव हो चुका है, लेकिन चावल जमा करने की प्रक्रिया में तेजी लाने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि समय सीमा के भीतर सभी राइस मिलर्स से चावल जमा कराएं और इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने यह भी कहा कि यदि तय समय सीमा में चावल जमा नहीं होता है, नियामानुसार सख्ती बरती जाएगी और जिले की खाद्य आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले में चावल जमा करने की प्रक्रिया में देरी से सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिससे आम जनता को असुविधा होगी। इसीलिए, समय पर चावल जमा करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। कलेक्टर ने अधिकारियों को नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने, भौतिक सत्यापन और प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

जिला खाद्य अधिकारी श्री सचिन मरकाम ने बताया कि जिले के राईस मिलर्स द्वारा 3 लाख 32 हजार 114 मी. टन धान का उठाव किया गया है। इसके अनुरूप राईस मिलर्स को 2 लाख 24 हजार 830 मी. टन चावल जमा करना था लेकिन अब तक राईस मिलर्स द्वारा 01 लाख 57 हजार 987 मी. टन चावल जमा किया गया है। कलेक्टर श्री वर्मा ने शेष 66 हजार 847 मी. टन चावल जमा करने के सख्त निर्देश दिए है। जिला खाद्य अधिकारी श्री मरकाम ने बताया कि एफसीइआई में लक्ष्य के अनुरूप 01 लाख 17 हजार 13 मी. टन चावल जमा करना था, जिसमें 69 हजार 213 मी. टन चावल जमा किया गया है। 47 हजार 800 मी. टन चावल जमा करना शेष है। इसी प्रकार नान में लक्ष्य के अनुरूप 01 लाख 07 हजार 817 मी. टन चावल जमा करना था, जिसमें 88 हजार 770 मी. टन चावल जमा किया गया है। 19 हजार 47 मी. टन चावल जमा करना शेष है।

कलेक्टर ने जिले के 31 राईस मिलर्स को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा चांवल जमा नहीं करने पर बैंक गारंटी राजसात करने के साथ राईस मिल को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। इसमें रॉयल राईस फुड, सुरज राईस मिल बोड़ला, वर्धमान एग्रो इंडस्ट्रीज, नरायणी उद्योग, हितांशु राईस मिल, एके राईस मिल छिरहा, जनता राईस मिल हरिनछपरा बोड़ला, आरके राईस हाउस, रॉयल फुड खुंटू, हितांशु फुड्स, हीरा फूड प्रोडक्ट, मां गौरी राईस मिल, हाडा एग्रो, गुरूदेव राईसमिल, प्रियंका राईसमिल रबेली, मां अंबे राईसमिल धरमपुरा, दीपिका राईस मिल, श्री कृष्णम एग्रो, शांतिदीप राईस प्रोडक्ट, एमएस जनक राईस मिल, श्री बालाजी राईस मिल, श्री प्रभुजी राईस मिल, अरिहंत राईसमिल सिंघनपुरी, जनता राईस मिल, सिद्धार्थ राईसमिल, जैन राईस मिल, विजय अन्न भंडार, अपूर्वा राईसमिल छिरहा, वीनिता राईसमिल, मंगल राईस प्रोडक्ट, अल्फाबेट फूड्स को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। इन राईस मिलर्स द्वारा 52 हजार 148 मी. टन चावल जमा करने का लक्ष्य है। इनके द्वारा 36 हजार 97 मी. टन चावल जमा किया गया है। 16 हजार 50 मी. टन चावल जमा करना शेष है।

रामलला के दर्शन कर कवर्धा पहुंचे श्रद्धालुओं का हुआ अभूतपूर्व स्वागत

कवर्धा (दैनंदिनी)। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देश पर आज अयोध्या में विराजित प्रभु श्री रामलला के दर्शन कर वापस कवर्धा पहुंचे 72 श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व स्वागत और अभिनंदन किया। जिला पंचायत सदस्य श्री रामकुमार भट्ट और नगर पालिका अध्यक्ष श्री मनहरण कौशिक सहित जनप्रतिनिधियों ने अयोध्या से दर्शन करके आए श्रद्धालुओं का कवर्धा विधायक कार्यालय में तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर, शॉल, श्रीफल भेंटकर अभूतपूर्व स्वागत और अभिनंदन किया। जिससे उनकी यात्रा और भी स्मर्णीय बन गई। उन्होनें सभी श्रद्धालुओं से अयोध्या दर्शन यात्रा के अनुभव के बारे में जाना। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए प्रभु श्री रामलाल दर्शन योजना का संचालन किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, श्री मनीराम साहू, श्री रामबिलास चंद्रवंशी, श्री नरेन्द्र मानिकपुरी, श्रीमती विजयलक्ष्मी तिवारी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

पर्यावरण संरक्षण के निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए फटाका का व्यवसाय करें : कलेक्टर

कलेक्टर ने ली व्यापरियों की बैठक

कवर्धा (दैनंदिनी)। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में फटाका व्यापरियों की बैठक लेकर फटाका विक्रय करने के संबंध में जारी निर्देशों की जानकारी दी। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए फटाका का व्यवसाय करें। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में शासन द्वारा जारी गाईड लाईन की जानकारी देते हुए कहा कि आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था किया जाना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि कोई भी छोटी सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इस बात को ध्यान में रखकर सभी प्रकार के सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करेंगे। उन्होंने आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा का पुखूता इंतजाम किया जा रहा है, साथ ही साथ सभी फटाका व्यापारियों को भी हर स्तर पर सुरक्षा का इंतजाम किया जाना आवश्यक होगा। बैठक में बताया गया कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन करने वाले फटाका व्यवसायीयों को पटाका विक्रय के लिए लाइसेंस प्रदान किया जाएगा। फायर ब्रिगेड के साथ ही पानी का टैंकर रखना आवश्यक होगा। जितनी अवधि के लिए लाइसेंस जारी किया गया है, उस निर्धारित तिथि तक ही फटाका का व्यवसाय कर सकेंगे। बैठक में अपर कलेक्टर श्री निर्भय साहू, कवर्धा एसडीएम श्री अनुपम टोप्पो, पंडरिया श्री संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्री आरबी देवांगन, उप पुलिस अधीक्षक श्री प्रतीक चतुर्वेदी, कोतवाली थाना प्रभारी श्री लालजी सिन्हा सहित फटाका व्यापारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा आवंटित स्थल पर ही पटाका व्यवसाय के लिए दुकान लगाया जा सकेगा। लाइसेंस के शर्तो के अनुसार निर्धारित नियत समय तक की दुकान का संचालन किया जा सकेगा। बैठक में यह भी बताया कि जिस फटाका व्यवसाय के लिए लाइसेंस दिया गया है, उसके अनुरूप ही फटाका का विक्रय किया जा सकेगा। आवासीय बसाहट क्षेत्र में दुकान का संचालन नहीं किया जा सकेगा। फटाका व्यवसाय के द्वारा सुरक्षा एवं जान माल की सुरक्षा किया जाना आवश्यक होगा। प्रतिबंधित फटाका का व्यवसाय नहीं किया जा सकेगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए फटाका का व्यवसाय किया जा सकेगा। अवैध गतिविधियों के लिए पटाके का उपयोग नहीं किया जाये, यह सुनिश्चित करेंगे।

3 प्रधान आरक्षक सहायक उप. निरीक्षक के पद पर पदोन्नत

कवर्धा (दैनंदिनी)। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगाँव रेंज राजनांदगांव के आदेशानुसार पदोन्नति हेतु जारी योग्यता सूची वर्ष 2024 में जिला पुलिस कबीरधाम के प्रधान आरक्षको का सहायक उप. निरीक्षक के पद पर पदोन्नति/स्थानांतरण हेतु योग्यता सूची जारी की गई है। इसी तारतम्य में आज दिनांक-18.10.2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उक्त पदोन्नत प्रधान आरक्षकों को प्रभारी पुलिस कप्तान श्री धर्मेंद्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल के द्वारा स्टार लगा कर सहायक उप. निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। जिसमें (1) प्रधान आरक्षक क्रमांक- 160 वासुदेव साय पैकरा (2) महिला प्रधान आरक्षक क्रमांक- 53 श्रीमती देमन टेकाम (3) प्रधान आरक्षक क्रमांक -194 राजेश कुमार सिंह ठाकुर जिला- कबीरधाम। उक्त पदोन्नत तीनों अधिकारियों को कबीरधाम जिले के प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह द्वारा संबोधित करते हुए कहा गया कि आप सभी के कार्यों में पदोन्नति के साथ वृद्धि होगी, जिसे बेहतर ढंग से निभाना आप सभी का प्रथम कर्तव्य होगा कहकर पदोन्नति की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की गई। इस अवसर पर कार्यालयीन अधिकारी/कर्मचारी एवं पदोन्नत अधिकारी गण के परिवार जन उपस्थित रहे।

नेवारी में 19 और बाघमुड़ा में 26 को होगा जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

कवर्धा (दैनंदिनी)। छत्तीसगढ़ शासन समान्य प्रशासन एवं जन शिकायत निवारण विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम नेवारी में 19 अक्टूबर 2024 शनिवार को शिविर आयोजित किया जाएगा, शिविर में 28 गांव शामिल है। इसी तरह पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम बाघामुड़ा में 26 अक्टूबर 2024 शनिवार को शिविर आयोजित किया जाएगा, शिविर में 54 गांव शामिल है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि ग्राम नेवारी में 19 अक्टूबर 2024 शनिवार को आयोजित शिविर में ग्राम सूखाताल, राम्हेपुरखुर्द, रवेली, नेवारीगुढ़ा, कन्हाभैरा, लखनपुरकला, लालपुरकला, सोनबरसा, सिंघनपुरी (मा.), जेवड़नखुर्द, दौजरी, बटुराकछार, खड़ौदाखुर्द, जरती, बोधईकुण्डा, डबराभाट, जमुनिया, नेवारी, बरबसपुर, मरपा, जोराताल, सिंघनपुरी, अमलीडीह, बरपेलाटोला, रेंगाखारखुर्द, मजगांव, समनापुर, कवर्धा कुल 28 ग्राम शामिल है। इसी तरह पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम बाघामुड़ा में 26 अक्टूबर 2024 शनिवार को आयोजित शिविर में ग्राम उदका, खैरडोंगरी, दुल्लापुर, नरसिंहपुर, अमलडीहा, भरेवापारा, कांपादाह, घुटुरकुण्डी, सोमनापुरनया, डोमनपुर, झिरियाकला, बुचीपारा, सागोनाडीह, झिरियाखुर्द, बाघामुड़ा, सांवतपुर, खैरझिटीनया, नरौली, नानापुर, कोड़ापुरी, किसुनगढ़, नेउरगांव, रमतला, मोहतराखुर्द, पेण्ड्रीखुर्द, पुसेरा, डोमसरा, पौनी, खरहट्टा, पड़कीकला, नवागांवहट्टा, धोबघट्टी, सोनपुरी, रेहुंटाखुर्द, पण्डरिया, पाढ़ी, बिरकोना, केसलीगोड़ान, गांगपुर, बिनौरी, मोतिमपुर, लाडंगपुर, रौहा, मैनपुरा, दशरंगपुर, रोहरा, पाण्डातराई, डोंगरियाकला, चारभाठाखुर्द, चरखुराकला, परसवारा, मंझोली, कोयलारीकांपा कुल 54 ग्राम शामिल।

स्वदेशी मेला के तीसरे दिन अरूण साव मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल

कवर्धा (दैनंदिनी)। स्वदेशी मेला के तीसरे दिन उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उपमुख्यमंत्री श्री साव 4.30 बजे दुर्ग से कवर्धा के लिए प्रस्थान करेंगे। शाम 07 बजे पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेला में शामिल होंगे। उपमुख्यमंत्री श्री साव रात्रि 08 बजे कवर्धा पीजी कॉलेज मैदान से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कवर्धा में पहली बार स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है। स्वदेशी मेला कवर्धा के स्थानीय पीजी कॉलेज मैदान में 23 अक्टूबर तक चलेगा। स्वदेशी मेला में विभिन्न राज्यों से स्वदेशी उत्पादों के हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम के अलावा लखनऊ, बिहार, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पंजाब और कश्मीर तक के स्टाल की प्रदर्शनी लगाई गई है साथ ही प्रतिदिन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्वदेशी मेले का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना तथा लोगों तक स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। स्वदेशी मेला को लेकर जिले के नागरिकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। स्वदेशी मेला में 150 से अधिक स्टाल लगाया गया है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थल का किया भूमिपूजन

कवर्धा, (दैनंदिनी)। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज गायत्री मंदिर के पास प्रस्तावित इतिहास के महान योद्धा, कुशल रणनितिकार छत्रपति शिवाजी महराज की मूर्ति स्थल का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। यह मूर्ति 25 लाख रुपए की लागत से स्थापित की जाएगी, जिसका घोषणा उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने हाल ही में पीजी कॉलेज के इंडोर में आयोजित चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के 53 वां एक दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन में में किया था। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर शिवाजी महाराज की वीरता, उनके योगदान और उनके आदर्शों का स्मरण करते हुए कहा कि यह मूर्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इसके माध्यम से छत्रपति शिवाजी महाराज के इतिहास को जीवंत रखने और उनकी बहादुरी व दूरदर्शिता को सम्मानित करने का प्रयास किया गया है। यह स्थल क्षेत्रीय गौरव और भारतीय इतिहास के प्रति लोगों की निष्ठा को भी सुदृढ़ करेगा। उन्होंने कहा कि कवर्धा में युवाओं के प्रेरणास्रोत छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा की स्थापना के लिए आज विधिवत भूमिपूजन किया गया है ताकि कवर्धा और छत्तीसगढ़ के युवाओं को लगातार प्रेरणा मिलती रहे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में वर्णन करते हुए कहा कि यह मूर्ति न केवल ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक होगी, बल्कि युवाओं को साहस, संघर्ष और नेतृत्व के गुणों से भी प्रेरित करेगी। चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति की स्थापना से न केवल समाज को गर्व महसूस होगा, बल्कि यह युवाओं में प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने इस पहल के लिए उपमुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया और आशा व्यक्त की कि इससे सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक धरोहर को भी सशक्त किया जाएगा। समाज के सदस्यों ने इस परियोजना को लेकर अपनी संतुष्टि और उत्साह भी जाहिर किया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव श्री मोतीराम चन्द्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री मनहरण कौशिक, श्री कैलाश चंद्रवंशी, श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री जमील ख़ान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री अनिल ठाकुर, श्री राजेंद्र सलूजा, जनपद उपाध्यक्ष श्री वीरेंद्र साहू, श्री सतीस चन्द्रवंशी, पार्षद श्री उमंग पांडेय, श्री पवन जायसवाल, श्री सुनील साहू, श्री सुनील साहू, श्री चुनवा ख़ान, श्री मनीराम साहू, श्री हेमचन्द चन्द्रवंशी, श्रीमती मधु तिवारी, श्रीमती विजय लक्ष्मी तिवारी, श्री सुनील दोषी, श्री विजय पाली, श्री पन्ना चन्द्रवंशी, री रामकुमार ठाकुर, श्री खिलेश्वर साहू, श्री मनोज गुप्ता, श्री नवीन ठाकुर, श्री राजा टाटिया सहित जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, गणमान्य नागरिक और समाज के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद छत्तीसगढ़

मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक 13/व.ले.लि./का.अ./ लो.स्वा.यां./खण्ड 2024 गरियाबंद, दिनॉक 14-10-2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल पद्धति निविदा प्रपत्र अ में नीचे उल्लेखित कार्य हेतु आमंत्रित की जाती है:-

स. क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि	टीप
1.	**रैन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य-** वि.ख. गरियाबंद के शा.बा.प्रा.शा. नागाबुढ़ा वि.ख. देवभोग के शा.प्रा.शा. धौराकोट वि.ख. मैनपुर के शा.प्रा.शा. सरनाबहाल वि.ख. छुरा के शा.प्रा.शा. अकलवारा वि.ख. फिंगेश्वर के प्रा.शा. रक्सा, पथर्रा, मौलीपारा फिंगेश्वर	3.63 लाख	3630/-	एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन की श्रेणी द एवं उच्च श्रेणी

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में दिनांक **24-10-2024** तक देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद (छ.ग.)

जी-242503298/1

समाचार संक्षेप

ऑनलाइन काम करने का झांसा देकर लाखों की ठगी

रायपुर। ग्राम निमोरा में बंधन बैंक के खाता धारक ने घर बैठे ऑनलाइन काम करने का झांसा देकर रुपया प्राप्त कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर राखी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पारक कुमार धीवर 27 वर्ष ग्राम निमोरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि बंधन बैंक के खाता धारक आरोपी ने प्रार्थी को घर बैठे ऑनलाइन काम करने का झांसा देकर रुपया प्राप्त किया। प्रार्थी की शिकायत पर राखी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से 15 हजार पार

रायपुर। नया हाउस गोंदवारा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे नकदी 15 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया गुंजा देवी 34 वर्ष नया हाउस गोंदवारा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 15 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर। गोदावरी पावर प्लाट के सामने ट्रक में पानी भरकर वजन कम ज्यादा कर सामान चोरी करने वाला ट्रक चालक के खिलाफ धरसींवा पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुबेराज यादव 55 वर्ष गोदावरी पावर प्लाट का कर्मचारी है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीए 8091 के चालक ने ट्रक के केबिन में 10 लीटर पानी को भरकर वजन कम ज्यादा करके कंपनी के सामने चोरी करने का प्रयास किया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 9 पकड़ाए

रायपुर। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने शराब दुकान भाठागांव के पास सरेआम शराब पीते आरोपी सुरेश पाल 19 वर्ष व लखन बोरकर 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह अभनपुर पुलिस ने आरोपी शिवकुमार यादव 45 वर्ष, डागेश बांधे 27 वर्ष, करम कुर्रे 20 वर्ष व सरबजीत सिंग 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी श्याम बहादुर 32 वर्ष व टीकम साहू 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरहह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी मदन लाल साहू 71 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

तत्काल नियुक्ति देने की मांग पर अड़े एसआई भर्ती के अभ्यर्थी

रायपुर। परीक्षा परिणाम जारी नहीं होने से नाराज छत्तीसगढ़ एसआई भर्ती के अभ्यर्थियों ने अब मोर्चा खोल दिया है। अपनी मांगों को लेकर एसआई परीक्षा के परीक्षार्थी गृह मंत्री विजय शर्मा के घर पर पहुंच गए और उनके बंगले में ही रात गुजारी। अभ्यर्थियों का कहना है कि जब तक परीक्षा का परिणाम और नियुक्ति नहीं हो जाती है, तब तक बंगले में रहेंगे। गृह मंत्री ने अपने बंगले में रात गुजारने की व्यवस्था की थी। बता दें कि एसआई परीक्षा के परीक्षार्थी जिन्होंने इसका एग्जाम दे दिया है। वो रिजल्ट की आस को लेकर लगातार अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि कोर्ट ने पहले भी रिजल्ट जारी करने का आदेश दिया था। उसके बावजूद भी रिजल्ट जारी नहीं किया गया। इस मामले में गृहमंत्री विजय शर्मा ने बुधवार को आश्वासन दिया था कि दिवाली तक हाई कोर्ट के निर्देश का पालन किया जाएगा।

अवैध शराब के साथ तीन कोचिया गिरनफ्तार

रायपुर। माना, खरोरा और विधानसभा पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन कोचियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 107 पाव देशी शराब व एक्टिवा वाहन जब्त किया है।मिली जानकारी के अनुसार माना पुलिस ने बनरसी नहर पार में अवैध शराब के साथ आरोपी मन्नू साहू 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 15 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने ग्राम केसला में आरोपी भारत डहरिया 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 22 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 110 रुपए जब्त किया है। इसी तरह विधानसभा पुलिस ने नहर पार पुलिया मांढर के पास एक्टिवा सवार आरोपी भास्कर लहरी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 70 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

चाकू लहराते युवक पकड़ाया

रायपुर। तेलीबांधा पुलिस ने जीवन विहार कालोनी के पास चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जीवन विहार कालोनी के पास एक युवक चाकू लेकर आतंक फैला रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी आनंद छूरा 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है।

राजधानी में पकड़ाया 10 करोड़ का सोना

रायपुर,

रायपुर में शुक्रवार को 10 करोड़ का सोना पकड़ा गया है। भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टैंड में पुलिस को जगदलपुर से आई यात्री बस में करीब 13 किलो सोना मिला है। सोना जगदलपुर से रायपुर लाया गया था। यह कार्रवाई जीएसटी व पुलिस की टीम ने की है। जब्त सोने में मंगलसूत्र,चूड़ी,चेन व बिस्कुट शामिल है। उल्लेखनीय है कि, रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव की घोषणा हो चुकी है। इसी के चलते पुलिस ने अतिरिक्त सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को बस में चेकिंग के दौरान पुलिस के हाथ 10 करोड़ रुपयों का सोना लगा है। पुलिस ने उक्त सोने को जब्त कर जीएसटी विभाग को सौप दिया है। ज्ञात हो कि इन दिनों त्यौहारी सीजन चल रहा है। जिसके कारण दूसरे प्रदेशों से भी सोना-चांदी के जेवरात लाये जा रहे हैं। ये जेवरात बिना किसी दस्तावेजी सबूत के होते हैं। इससे पहले 928 किलो चांदी पकड़ी जा चुकी है।

पंजाब के 3 अंतर्राज्यीय आरोपी हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार

रायपुर

थाना खमतराई क्षेत्र में रायपुर पुलिस ने मादक पदार्थ के खिलाफकार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित हेरोइन (चिट्टा) के साथ तीन अंतर्राज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पंजाब के तरनतारन जिले के निवासी हैं, और उनके कब्जे से 26 ग्राम हेरोइन जब्त की गई है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 2 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस की विशेष कार्रवाई-रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में रायपुर पुलिस नशे के खिलाफ÷निजात÷ अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और खमतराई थाना की टीम ने संयुक्त रूप से इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

घटना का विवरण-17 अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली कि रिंग रोड नं. 2, भनपुरी के पास कुछ लोग हेरोइन बेचने की कोशिश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटेल और नगर पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चंद्रा के निर्देशन में खमतराई पुलिस की टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपियों को चिन्हित कर उनकी तलाशी ली, जिसमें उनके पास से हेरोइन बरामद की गई।

गिरफ्तार आरोपी

गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी पंजाब के तरनतारन जिले के रहने वाले हैं:

जगजीत सिंह उर्फसनी (32 वर्ष)

संदीप सिंह उर्फसोनू (32 वर्ष)

सुखराज सिंह उर्फ सुख्खा (26 वर्ष)

इन आरोपियों के खिलाफ थाना खमतराई में अपराध क्रमांक 806/2024 के तहत धारा 21क नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (हृष्ठक्क) एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस की सराहनीय भूमिका-इस कार्रवाई में खमतराई थाना प्रभारी शिव नारायण सिंह, उपनिरीक्षक कमलेश देवांगन और टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनकी सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से यह सफल ऑपरेशन पूरा हुआ। रायपुर पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थों के खिलाफअपने अभियान को और तेज कर दिया है, और आगे भी इस तरह की कार्रवाइयां जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया है।

रायपुर दक्षिण के लोगों को मिलेंगे दो-दो विधायक : बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के मद्देनजर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। विभिन्न राजनीतिक पार्टियां इस सीट पर अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक रही हैं। इसी बीच रायपुर सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, रायपुर दक्षिण के लोगों को अब दो-दो विधायक मिलने वाले हैं–एक जो चुनाव जीतकर आएगा और एक बृजमोहन। बृजमोहन अग्रवाल ने जोर देकर कहा कि वह हमेशा रायपुर दक्षिण विधानसभा के विधायक रहेंगे, चाहे चुनावी नतीजे कुछ भी हों। उन्होंने आगे कहा, ÷आठ बार दक्षिण की जनता ने मुझे जिताया है, और उनका ऋण मैं कभी अदा नहीं कर सकता। कांग्रेस की उपचुनाव जीतने की रणनीति बैठक पर टिप्पणी करते हुए, बृजमोहन ने कहा, ÷रायपुर दक्षिण हमेशा से भाजपा का गढ़ रहा है, और आगे भी रहेगा। कांग्रेस की पहले भी बैठकें होती थीं, लेकिन उनका परिणाम 'ढाक के तीन पात' की तरह ही रहा है–हर बार एक जैसा। भाजपा ने हमेशा से इस सीट पर जीत हासिल की है और इस बार भी ऐसा ही होगा।÷

बृजमोहन अग्रवाल के इस आत्मविश्वास से भरे बयान से साफ है कि भाजपा रायपुर दक्षिण सीट को लेकर बेहद आश्वस्त है। दूसरी ओर, कांग्रेस भी पूरी रणनीति बनाकर इस सीट पर कड़ी टक्कर देने की कोशिश कर रही है। चुनावी नतीजों पर

रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी के नाम का ऐलान 24 तक, प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में होगा फैसला

रायपुर । रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए प्रत्याशी के नाम की घोषणा 21 अक्टूबर से 24 अक्टूबर के बीच हो सकती है। इस विधानसभा सीट के लिए 20 अक्टूबर को कार्यकर्ताओं का सम्मेलन बुलाया गया है। चर्चा है कि इसके बाद प्रत्याशी का नाम जारी कर दिया जाएगा। इसको लेकर जल्द ही प्रदेश चुनाव समिति की बैठक भी हो सकती है।

प्रत्याशी चयन को लेकर पहले से तय संगठनात्मक कार्यक्रमों में बदलाव किया जा सकता है। क्षेत्र के प्रभारियों को भी अपने-अपने क्षेत्र में एक्टिव होने को कह दिया गया है। रायपुर दक्षिण में चुनाव आचार संहिता प्रभावी हो चुकी है। ऐसे में अब कार्यकर्ता सम्मेलन से पहले ही दावेदार खुलकर सामने आएंगे। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के रिपोर्ट की सिफारिशों के आधार पर ही दावेदार भी सूचीबद्ध किए जा सकते हैं।

भूपेश ने साधा भाजपा पर निशाना: धान खरीदी, कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ की मौजूदा भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था तेजी से बिगड़ रही है, और अपराधों में भारी वृद्धि हो रही है। रायपुर में हाल ही में 20 लाख की लूट और 10 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया गया, जबकि भानुप्रतापपुर में एक भाजपा युवा मोर्चा नेता की कार में करोड़ों रुपये बरामद किए गए। बघेल ने सवाल उठाया कि क्या यह पैसा किसी मंत्री से जुड़ा हो सकता है? उन्होंने कहा कि हत्या, बलात्कार, लूट और चोरी जैसी घटनाएं राज्य के हर जिले में बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने गृह मंत्री पर अपराध रोकने में असफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि सरकार में विकास कार्य ठप पड़े हैं और राज्य की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो गई है, जिसके चलते सरकार हजारों करोड़ रुपये का कर्ज ले चुकी है।

धान खरीदी में देरी पर सवाल-भूपेश बघेल ने आगामी धान खरीदी को लेकर भी सरकार की नीयत पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब भाजपा विपक्ष में थी, तब वह 1 नवंबर से धान खरीदी की मांग करती थी, लेकिन अब खुद सरकार में होते हुए धान खरीदी में देरी कर रही है। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी में 35 दिन छुट्टियों के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। बघेल ने कहा कि धान की कटाई पहले ही शुरू

हो चुकी है और 30-40त्न फसल कट चुकी है, ऐसे में सरकार को 25 अक्टूबर से ही धान खरीदी शुरू कर देनी चाहिए। यदि धान समय पर नहीं खरीदा गया, तो किसान कोचियों को फसल बेचने पर मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान रिकॉर्ड धान खरीदी का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की नीयत साफ नहीं है और उसे धान खरीदी का समय बढ़ाना चाहिए।

हसदेव मामले पर भी रखी अपनी राय-हसदेव अरण्य के विवादित खदान मामले में बघेल ने कहा कि विधानसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया था कि नए खदानों के लिए पेड़ों की कटाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चल रही खदानों से कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए, लेकिन नए खदानों के लिए पेड़ों की कटाई उचित नहीं है।

अपराध नियंत्रण में असफल सरकार-बघेल ने सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर अपराध नियंत्रण में असमर्थ होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और गृह मंत्री द्वारा अधिकारियों के साथ बैठकें की जा रही हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। बघेल ने दावा किया कि बड़े पुलिस अधिकारियों पर मंत्रियों के फोन आने से पुलिस के हाथ बंधे हुए हैं, जिससे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हो पा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री के इन बयानों से राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है, और उन्होंने भाजपा सरकार पर धान खरीदी और कानून व्यवस्था दोनों ही मोर्चों पर विफल होने का आरोप लगाया।

कौशल विकास से दूर होगी रोजगार की समस्या : बृजमोहन

रायपुर

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शुक्रवार को ओएनजीसी के सहयोग से नवीन अंकुर महिला मंडल द्वारा आयोजित

स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत सफल प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आज के समय रोजगार एक बड़ी चुनौती है ऐसे में हमको नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनना है। इसके लिए उद्यमिता एवं कौशल विकास के माध्यम से उचित प्रशिक्षण प्राप्त कर हम स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकते है और दूसरों को भी रोजगार प्रदान कर सकते हैं, प्रधानमंत्री मोदी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रशिक्षित युवाओं को खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए लोन भी दे रहे हैं। जिससे समाज और देश की प्रगति होगी, ऐसे में श्रीमती मीना गौतम के नेतृत्व वाली नवीन अंकुर महिला मंडल प्रमीण क्षेत्रों के युवाओं को स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रशंसनीय कार्य कर रही है। युवा और महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों जैसे कंप्यूटर, सिलाई कढ़ाई, मिस्त्री, प्लंबर मैकेनिक, ब्यूटी पार्लर में प्रशिक्षण प्राप्त कर स्व सहायता समूह के माध्यम से अपना काम शुरू कर सकते है जिससे दूसरों को भी रोजगार मिलेगा जिससे उनमें आत्मनिर्भरता आएगी और समाज का भी विकास होगा। नवीन अंकुर महिला मंडल द्वारा स्किल इंडिया कार्यक्रम के तहत नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के तत्वाधान में ग्राम- तर्री, विकास खण्ड अभनपुर और ग्राम- भानसोज, विकास खण्ड आरंग में सिलाई और कढ़ाई प्रशिक्षण तथा नवापारा, विकास खण्ड अभनपुर और मंदिर हसौद, विकास खण्ड आरंग में 3 माह का कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया गया था।



विष्णुदेव साय पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के भाभी की श्रद्धांजलि सभा में हुए शामिल

रायपुर.मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज भाटापारा के पूर्व विधायक श्री शिवरतन शर्मा के भाभी स्वर्गीय श्रीमती बिमला देवी शर्मा के श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। भाटापारा स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री श्री साय ने दिवंगत श्रीमती बिमला देवी शर्मा के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। गौरतलब है कि पूर्व विधायक भाटापारा श्री शिवरतन शर्मा के भाभी स्वर्गीय श्रीमती बिमला देवी शर्मा का निधन 7 अक्टूबर 2024 को करीब 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। श्रद्धांजलि सभा में रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व विधायक श्री प्रमोद शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं परिवारजन उपस्थित थे।

राज्य में श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने त्वरित कार्यवाही करें : लखनलाल देवांगन

रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य में श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराने के लिए त्वरित कार्यवाही करें और शासन की योजनाओं का लाभ दिलाएं। श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने आज स्थानीय होटल में श्रम विभाग द्वारा 'श्रमिकों का सशक्तिकरण, भविष्य का निर्माण' विषय पर आयोजित कार्यशाला के समापन अवसर पर कहा कि प्रत्येक श्रमिक को काम देने के लिए श्रम विभाग द्वारा 84 लाख श्रमिकों का पंजीयन कर योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी निर्माण कार्य बिना श्रमिकों के संभव नहीं है, सरकार श्रमिकों का सम्मान कर योजनाओं का लाभ दिलाकर स्वाभिमान से जीवन जीने का अधिकार दिला रही है। इस अवसर पर श्रम मंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभाग के मैदानी अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

श्रम मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं का लाभ सभी पात्र एवं जरूरतमंद श्रमिकों को मिले, इस दिशा में श्रम विभाग के मैदानी अधिकारी त्वरित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की सोच है कि प्रदेश के श्रमिकों को इन योजनाओं का बेहतर लाभ मिले। इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा भी श्रमिकों के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में 237 करोड़ रूपये का लाभ श्रमिकों को प्रदान किया गया। डीबीटी के जरिए यह राशि श्रमिकों के बैंक खाते में अंतरित की गई। श्रम मंत्री ने कहा कि श्रमिकों को किसी भी कार्य के लिए भटकना न पड़े। इस दिशा में विभाग के अधिकारी संवेदनशील होकर कार्य करें। श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हित में 70 योजनाएं संचालित की जा रही है।सचिव सह श्रमायुक्त श्रीमती अलरमेलमंगई डी. ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र और जरूरतमंद हितग्राहियों को दिलाना सुनिश्चित करें। पंजीकृत श्रमिक परिवार के बच्चों को शासन की छात्रवृत्ति योजना से भी लाभान्वित करें। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल के अंतर्गत संचालित योजनाओं से असंगठित श्रमिकों को श्रम विभाग में पंजीयन कराकर लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। कार्यशाला में उप श्रमायुक्त श्री एस.एस. पैकरा एवं औद्योगिक स्वास्थ्य सुरक्षा के उप संचालक श्री टी.के. साहू द्वारा निरीक्षण अभियोजन एवं पालन प्रतिवेदन की जानकारी दी। इस अवसर पर श्रम विभाग की उप सचिव डॉ. फरिहा आलम सिद्धिकी छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल सचिव श्रीमती सविता मिश्रा, अपर श्रमायुक्त श्री एस.एल. जांगड़े सहित झारखंड एवं उत्तरप्रदेश से आए श्रम अधिकारी, प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए.विभाग के मैदानी अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

हमारे TAX EXPERT
आपकी मदद हेतु तैयार हैं
• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
संपर्क- शेखर गुप्ता मो. 93007-55544, 8878655544
D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक,संपादक-**ब्रजेश शुक्ला** द्वारा आशीर्वाद, सी-255, रोहिणीपुरम रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं दैनंदिनी प्रिन्टर्स 317/4 सरोना रायपुर से मुद्रित। फोन-0771-4059450, ईमेल- dainandini@yahoo.in, mail2dainandini@gmail.com